इन चित्रो की शैली तकनीक रगयोजना सयोजन तथा विषय–वस्तु आदि मे आरम्भिक मेवाडी चित्राकन परम्परा का प्रभाव स्पष्ट रूप से आया दिखाई देता है। ज्ञातव्य है कि बूदी शैली के आरम्भिक चित्रो को अनेक विद्वानो ने मेवाड की उपशैली कह कर अभिहित किया है। प्रमोद चन्द्र ने बूदी शैली को मेवाड की एक प्रमुख शाखा के रूप मे माना है।[10] प्रारम्भिक बूदी (चुनार रागमाला शृखला 1610–25) के चित्रो मे पाये गये अधिकतर तत्व मेवाड की रागमाला (चावण्ड) से लिये गये प्रतीत होते है। तीन विभिन्न शैलियो का प्रयोग इन चित्रो मे देखने को मिलता है। 1 इन चित्रो के स्पष्ट लोक कला की तरह के रग व आकृतियो के गोल मुख से मेवाड का स्मरण हो आता है। 2 ध्यानपूर्वक बनाये गये नयन गोचर दृश्य जल मे चक्कर दार भवर बनाने की तकनीक और आकश मे विभिन्न रगो (रागिनी भैरवी के चित्र मे प्रयुक्त आकाश मे सशक्त लाल के पैचज) के सतुलित धब्बे स्थानीय प्रभाव को दर्शाते है। 3 वृक्षो व फूलो की प्रचुरता पक्षी व मछलिया बूदी की प्रकृति से ली गयी होने पर भी अकन के कौशल एव यथार्थवादिता की दृष्टि से माडू एव मुगल शैली का अप्रत्यक्ष प्रभाव है।

निष्कर्ष स्वरूप कह सकते हैं कि बूदी के राग माला चित्रो का यह सम्पुट प्राय चावड रागमाला (1605 ई) के क्रमिक विकास का प्रतिफल है जो विकसित एव पुष्पित होकर (चुनार रागमाला मे) एक स्वतन्त्र शैली (बूदी शैली) के रूप मे प्रस्तुत हुई दिखायी देती है।

सदर्भ –

1 क्रोनोलॉजी ऑफ मेवाड पेन्टिग–श्रीधर आन्द्रे दिल्ली 1987 पृष्ठ 39
2 हीरेन मुखर्जी ललित कला न 12 अक्टूबर 1962
3 लिण्डा मॉर्क लीच–मालकोस प्लेट 89
4 स्टुअर्ट केरी वेल्व–ए फ्लावर फ्राम एवरी मेडो 1973 पृष्ठ 17
5 कार्ल जे खण्डावाला–बूदी पेटिग पोर्ट फोलियो न 7 देहली 1970 पृष्ठ 1
6 वही
7 मायलो क्लीवलैड बीच–राजपूत पेन्टिग एट बूदी एण्ड कोटा–स्विटजरलैड पृष्ठ 9
8 स्टुअर्ट केरी वेल्व एण्ड मायलो क्लीवलैड बीच – गॉडस थ्रोन्ज एण्ड पिकॉक न्यूयार्क 1965 पृष्ठ 117
9 प्रमोद चन्द्र– बूदी पेन्टिग देहली 1959 पृष्ठ 1
10 वही पृष्ठ 1–2

चित्र साभार – इण्डियन मिनिएचर पेन्टिग – एम एस रन्धावा रोली बुक्स इण्टरनेशनल ललित कला सख्या–12 अक्टूबर 1962 ललित कला अकादमी नई दिल्ली

स्टिल लाइफ पॉल सेजा 1895 98 तैल रग द म्यूजियम आफ माडर्न आर्ट न्यूयार्क

कला में यथार्थ और अमूर्तन

१२६८५

डॉ शेफाली भटनागर *

कला सदैव अमूर्त होती है क्योकि वह कलाकार के भावो की अभिव्यजना हाती है। मानव ने प्रथम बार खडिया गेरू या कोयला हाथ मे लेकर अपनी गुहा–भित्तियो पर अपने मानस मे घुमडते हुए प्रभावो को रूपायित करने के लिए जब रेखा खीची होगी कला उसी क्षण से अमूर्त है क्योकि प्रकृति मे रेखा नही होती है। उसका निर्माण मानव ने किया है। कला कल्पित रूप की अभिव्यजना है और रेखा द्वारा ही इसका रूपाकन होता है। खिचित रेखा एक सकेत का अकन है और वह सकेत कलाकार की भावनाओ से रूपान्तरित हो हमे कला रूपो मे सम्प्रेषित होता है [1]

आदि मानव ने अपने अनगढ और अशिक्षित हाथो से जो भी चित्रित किया उसमे उसके अदम्य भावो की तीव्र अभिव्यजना थी उसमे कही भी दृश्य रूपो को ज्यो का त्यो चित्रण करने का कोई प्रयास नही था। वह अपनी उदर पूर्ति के लिए जब आखेट को निकला तो अपने अनुपात मे अत्यन्त विशालाकार भैसा देखा जो अपने घातक सीगो से उस पर कभी भी धावा बोलकर उसके प्राण हर सकता था। परन्तु क्षुधा पूर्ति के लिए उसका शिकार करना भी आवश्यक था। अत वह भैसा उसके मानस पर पूरा छाया रहता था। यही कारण है कि अपने मानस को 24 घण्टे मनोग्रस्त करने के कारण उसने अपनी गुहा–भित्तियो और छतो पर उसे बारम्बार चित्रित किया। लगभग इन सभी रूपो मे हमे उसका छोटा सिर विशालाकार शरीर और अत्यन्त नुकीले व बडे–बडे सीग दिखायी देते है। इन रूपो मे एक विशेषता यह भी है कि सीग सम्मुख मुद्रा मे और चेहरा व शरीर पार्श्वगत मुद्रा मे है। यह चित्र दृश्य रूपो के साराश है और आज इनको कलाकृति का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। फिर भी यह रूप दृश्य रूपो से पृथक नही है।

पॉचवी चौथी शती ईसा पूर्व यूनान मे जिस शास्त्रीय कला का उद्‌भव और विकास हुआ था वह दृश्य रूपो पर आधारित होते हुए भी मानवीय रूप की आदर्श सकल्पना को रूपायित करती थी। यदि गहनता से इसके बारे मे सोचा जाये तो यह दृश्यमूलक कला नही है। चित्र रिलीफ और मूर्ति सभी शिल्पो मे आकतियॉ दृश्य रूपो का आदर्श और सरलीकरण हैं और जब भी कलाकार किन्ही विशेष आदर्शों और सोच को लेकर कला सृजन करता है उसी क्षण कला रूप दृश्य रूपो से विछिन्न हो जाते है और अमूर्त भी। यह भी कहा जा सकता है कि मूर्त त्रिआयामी आकृति और रूपो को ज्यो ही द्विआयामी सतह पर रगो रूपो और रेखाओ मे परिवर्तित किया जाता है कलाकति उसी क्षण अमूत हा जाती ह। पॉचवी शती इस्ा पूव के पार्थीनान फ्रीज मे रूपायित मानवीय व घाडा की आकतियॉ क्या मूत रूप कहे जा सकते ह। इसी प्रकार वीनस अपालो आर डिस्कस फेकते हुए युवक भी उदाहरण हे।

दृश्य रूपो पर आधारित रेनासा कला अपने शीष पर पहुच गयी थी जहॉ कलाकारो ने केवल मानवाकतिया की ही नही बल्कि प्राकृतिक वातावरण वृक्ष हवा वायुमण्डल का भी यथातथ्य चित्रित करने का प्रयास किया। त्रिआयामी आकारो पर छाया–प्रकाश क प्रभावो का लिओनार्दो दा विन्ची ने सवप्रथम उच्चतम श्रेष्ठता के साथ अपनी प्रसिद्ध कृतियो– मोनालिसा' द वजिन आफ रॉक्स द मैडोना एण्ड चाइल्ड और बाच्यूज मे दिखाये हे। किन्तु यह कतियॉ इसलिए श्रेष्ठ नही है क्योकि इनमे कलाकार आकतिया के यथातथ्य प्रभाव दिखाने मे सफल हुआ हे बल्कि यदि गहनता से विचार किया जाये तो इनमे कलाकार इन आकृतियो द्वारा अपने विशेष विचारो का अभिव्यक्त करने मे सफल हुआ है विशेषकर मोनालिसा मे। जिसके लिए एन्साइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड आर्ट मे लिखा है– बैठने वाली की प्रसिद्ध और अक्सर उद्धर्त मुस्कान मोनालिसा की दृश्य रहस्यात्मकता की कुजी है। यह मानवीय चेहरे की एक निश्चल अभिव्यजना और प्रथम सुकोमल अनुप्राणन के मध्य होने वाले परिवर्तन की अति सूक्ष्म स्थिति प्रस्तुत करती हे। यही कारण है कि यह व्यक्ति चित्र बैठने वाले का कितना साम्य दिखाता है हमे ज्ञात नही किन्तु यह स्पष्ट हे आज तक श्रेष्ठ कति इसलिए मानी जाती है क्योकि इसमे कलाकार ने बैठने वाले के प्रति अपनी सूक्ष्मतम भावनाओ का चित्रण किया है और यह सूक्ष्म भावनाए अमूर्त होती है। इसी प्रकार 19वी शती मे कूर्बे के यथार्थवादी स्व चित्रो को भी कलाकार द्वारा अपने को दैवीय पागलपन से प्रदत्त एक प्रतिभावान रोमान्टिक व्यक्ति के रूप देखने का उदाहरण माना जाता है। विन्सेन्ट वान गॉग ने एक स्व–चित्र मे अपना एक स्मारकीय इच्छा शक्ति द्वारा अपनी विक्षिप्तता पर नियत्रण रखते हुए अपना एक शक्तिशाली अध्ययन प्रस्तुत किया है [4] और बीसवी शती मे अमृता शेरगिल का भी यही मानना था कि अच्छा व्यक्तिचित्र श्रेष्ठ कलाकति हो यह आवश्यक नही [5] इन उदाहरणो से यह स्पष्ट है कि कलाकार का उद्‌देश्य कभी भी दृश्य रूपो का ज्यो का त्यो चित्रण करना नही होता है। वह दृश्य रूपो को देखता नही है बल्कि उनका प्रत्यक्ष बोध (परसेप्शन) करता है जो उसके मानस को उसके वशानुक्रम जन्मजात

* डॉ (श्रीमती) शेफाली भटनागर रीडर (चित्रकला) सेवानिवृत्त डा अम्बेदकर विश्वविद्यालय आगरा।
स्टूडियो–87 पटेल नगर आलमबाग लखनऊ – 226 005

द वीनस दी मिलो दूसरी शती ई लूव्र सग्रहालय पेरिस

गुणो और मूल प्रवृत्तियो के अनुरूप प्रभावित करते है और उन्ही मानस बिम्बो को वह अपनी प्रतिभानुसार चित्र पटल पर रखता है। उनमे बाह्य माध्यमो—रगो कैनवास तूलिकाघातो आदि का भी इतना समावेश होता है कि उनको मूर्त रूपो से पृथक मानना पडता है।

पाल क्ली ने सृजन की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए एक सहजानुभूत क्रिया माना जो कलाकार की विशिष्ट अन्तरात्मा से उपजती है किन्तु उसके चेतन अचेतन अनुभवो बिम्बो और उन पदार्थों व रूपो से भी प्रभावित होती है जिनसे उसने कार्य किया हो। क्ली की कला अमूर्त होते हुए भी मॉन्द्रियाँ और कान्दिन्स्की की कला से इस दृष्टि से भिन्न है कि उसकी कला सदैव प्रकति रूपो से ही प्रेरित है।[6] इस तरह कलात्मक निरूपण मे दृश्य रूपो मे निहित रहस्यात्मक भावना अधिक महत्वपूर्ण है जो कला रूपो की विशिष्टता देती है और वे ही कलाकार की पहचान बनाते है।

इसी प्रकार लिओनार्दो दा विन्ची ने 16वी शती के प्रारम्भ मे ही प्रकृति के वायुमण्डलीय और अद्भुत प्रकाशीय प्रभावो को स्फूमातो' द्वारा चित्रित करने का प्रयास किया। यह प्रभाव पूर्ण रूप से कलाकार के मानस से सृजित और व्यक्तिगत होते है। दृश्य रूपो पर आधारित होते हुए भी भावनात्मक और अभिव्यजनात्मक होते हैं जैसे राफेल रेम्ब्रॉ और जान वरमियर और मोने के चित्रो मे दिखायी देते हैं। यह कुछ ऐसे प्रभाव है जो जन साधारण भी कभी—कभी अचानक किन्ही क्षणो मे महसूस करते है परन्तु न वे उन्हे पकड पाते है और न ही उनका वर्णन कर पाते है। अत यह अवर्णनीय प्रभाव मूर्त कैसे हो सकते हैं? ये भी केवल अन्तरात्मा की गहन अनुभूतियो की अभिव्यक्ति है।

कला कभी भी रिक्तता मे अस्तित्व नही रख सकती है बल्कि यह सम्पूर्ण सामाजिक जीवन मे जटिलता से उलझी रहती है।[7] यह बात अवश्य है कि आधुनिक युग मे पारम्परिक सरक्षण की समाप्ति के बाद कलाकार अब सामाजिक चित्रण के बदले अपनी सवेदनशीलता पर अधिक निर्भर रहने लगा है और फोटोग्राफी के आविष्कार के बाद कला मे दृष्टान्त—चित्रण और व्याख्या मे स्पष्ट अन्तर हो गया है। इससे बिम्ब और प्रतीक मे भी पृथक्करण हो गया है किन्तु कला मे प्रतीकात्मक बिम्ब सदेव श्रेष्ठ माना जाता है। यही कारण है कि पूर्ण रूप से दृश्य रूपो पर आधारित होते हुए माइकेलएन्जिलो की पिएता समस्त युगो और विश्व की कला मे प्रतीक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण है।

कला की आधारभूत विशेषता अपनी पूर्ण शुद्धता और शक्तिमत्ता के साथ सौन्दर्यपरक सवेदनशीलता होती है। यह परिवर्तित नही होती और कला मे इसी से जीवन्तता आती है किन्तु शुद्ध सवेदनशीलता का कला मे कोई मूल्य नही होता बल्कि जैसे—जैसे मानव सभ्यता मे विविध रास्कृतियो का विकास होता है वे निरपवाद रूप से अपनी आधारभूत सवेदनशीलता को सामाजिक सन्दर्भ के साथ मिश्रित करती जाती है और सन्दर्भ का यही रूपान्तरण कला के इतिहास मे आने वाले परिवर्तनो को समझा सकता है। कलाकार का सबसे प्रमुख लक्ष्य प्रकृति के सन्मुख अपनी सवेदनाओ को साकार करना

होता है। दूसरे शब्दो मे अपने वातावरण के प्रति अपनी सवेदनशीलता पुनर्जीवित करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है चाहे वह परम्परावादी कलाकार हो या आन्दोलनकारी। यही कला को मौलिकता देता है।

कला मे केवल सृजनात्मकता महत्वपूर्ण है और यही कलाकति को महान बनाती है। कलाकार ऐसे अस्पष्ट और अनिश्चित सकल्पनाओ– विश्वजनीन सगति और 'सामूहिक अचेतन से कलाकति को निर्धारित नही मानते है बल्कि वे स्वय सृजन को एक अलौकिक क्रिया मानते है। फिर भी ऐसे कलाकारो को भी रूप और रगो के तत्वो का प्रयोग करना पडता है जो सभी कलाओ मे होते है और ससार ऐसी कलाकति को पहचान देने को तैयार नही है जब तक कि कलाकति मे पारम्परिक कला की ऐन्द्रिय विशेषताएँ न हो।

अपनी सवेदनाओ का प्रक्षेपण करने के लिए मानव को केवल बिम्ब की आवश्यकता होती है। यह चाक्षुक भी हो सकता है और प्रतीकात्मक भी। मानव उत्पत्ति के प्रारम्भ से ही कला मे चाक्षुक–जैविक कला और प्रतीकात्मक–ज्यामितीय कला के मध्य एक लय रही है किन्तु आधुनिक कला मे आज अनिर्णीत द्वन्द्वात्मक प्रतिवाद दिखायी देता है? और कला मे बिम्ब व प्रतीक का सह–अस्तित्व आधुनिक कला आन्दोलन की जटिलता और विच्छेद स्पष्ट करता है ।[7]

रेखाकन काला एव सफेद विजय सिह

प्रतीकात्मक सन्दर्भ प्रस्तुत करने की तुलना मे अपने प्रत्यक्ष अनुभव के प्रति निष्ठावान होना अधिक कठिन है। 19वी शती के अन्त मे प्रभाववादी कलाकारो ने जब केवल चाक्षुक प्रभावो पर आधारित चित्रण किया तो प्रत्येक दृश्य वस्तु को प्रकाश के छोटे–छोटे कणो मे बदल दिया जो केवल रगो पर आधारित थे। विशेषकर क्लॉद मोने ने अपने जीवन के अन्त मे रॉऐ कैथेड्रल के ऊपर भाग का चित्रण करते हुए लिखा– मैने सूर्य के विरोध मे युद्ध प्रारम्भ कर दिया है यह चमक लाने के लिए बहुमूल्य स्वर्ण व पत्थर जडने होगे [8] इसी प्रकार बाद मे वाटर लिली क्रम चित्रो का चित्रण करते समय लिखा था– पानी के अन्दर हिलती–डुलती घास और जीव–जन्तुओ को पानी के अन्दर गति चित्रित करना चाहता हूँ। यदि निकटता से देखा जाए तो मोने के चित्रो मे दृश्य रूपो से कोई साम्य नही है।[9] वे केवल रगो और तूलिका घातो मे कलाकार की विशिष्ट वैयक्तिक चाक्षुक सवेदना के चित्र है। यही कला मे अमूर्तन को जन्म देता है। इस प्रकार के चित्रण ने 20वी शती के अमूर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

इसी प्रकार एमिल बर्नार्ड और पॉल गॉगिन ने दृश्य रूपो मे प्रतीकात्मकता का समावेश कर उनको सरल मनमाने रगो मे रगकर चाक्षुक रूपो को अमूर्त किया। सेजॉ ने भी अपनी व्यक्तिगत चाक्षुक सवेदना को कार्यान्वित करने मे दृश्य रूपो को सरल और स्पष्ट किया कि चित्रीय ससार दृश्य रूपो पर आधारित होता हुआ भी उनसे एकदम पृथक होता है।

घनवाद चिरिको के प्रारम्भिक पराभौतिक चित्र भविष्यवाद सरचनावाद नव–रूपवाद आदि कलाकार के चाक्षुक प्रत्यक्ष बोध पर सगति के सिद्धान्त को लागू करना था। [10] कलाकार वह चित्रित करता है जो वह देखना चाहता है जो प्रकृति मे अमूर्तन का मानवीय या व्यक्तिगत रूपान्तर होता है। निकष्ट चित्रकार एक तुच्छ भ्रामक जीवनहीन सादृश्य प्रस्तुत करता है जबकि श्रेष्ठ चित्रकार अमूल्य अभ्रामक जीवन्त सादृश्य चित्रित करता है। प्रकतिवादी कला' किसी भी रूप मे फोटोग्राफिक नही होती है बल्कि वस्तुपरक ससार के गुण और प्रत्यक्ष अनुभव प्रेषित करती है। उसकी पद्धति चयनात्मक होती है। यह कलाकार द्वारा अनुभूत होता है कि प्रत्यक्ष–बोध अपने आप मे चयनात्मक होता है। हमारी सवेदनाओ की सुस्पष्टता प्रत्येक बारीकी के सम्मिलन पर निर्भर नही करती बल्कि प्रत्येक अनावश्यक के निष्कासन पर निर्भर करती है। कलाकार का कार्य महत्वपूर्ण बारीकियो का चयन करके विशिष्ट डिजाइन मे मिलाना है। यह यथातथ्यता से अधिक मितव्ययता का और अनुकरण से अधिक प्रभाव का प्रश्न है।

वह कला जो दुरुह (दुर्बोध) विचारो के अनुकरण पर आधारित है वह आधुनिक अमूर्तकला का आधार है। अमूर्त कला जो कुछ लोगो को विचित्र और विशिष्ट रूप से आधुनिक लगती है वास्तव मे उन कलाओ के समान उतनी प्राचीन है जा रूप के तत्वो का अध्ययन करती है और ब्रह्माण्ड की सरचना मे समाहित हैं। कला अपने उददेश्य की विविधता विविध मानवीय स्वभाव और मन स्थितियो के प्रति निष्ठा मे आज वैसी ही है जैसा कल था और आगे आने वाले समय मे भी वही रहेगी।

विशुद्ध कला मे जडो तक पहुचने और हृदय के निकट रखने का भाव होता है।

प्रकृति 1996 मिश्रित माध्यम 78 x 78 सेमी अवधेश मिश्र

इगित करता है चाहे हम उसे यथार्थवाद–अमूर्तन चेतन–अचेतन या जीवन–मृत्यु कहे। कलाकार की चेतनता दो ध्रुवो के मध्य डोलती है यदि वह पूर्ण यथार्थवादी है या अमूर्तवादी दूसरा ध्रुव अव्यक्त रह जाता है। कला मे श्रेष्ठ सन्तुलन तब ही हो सकता है जब दोनो ही ध्रुवीय तनावो की अभिव्यजना हो।

मॉन्द्रिऑ का आग्रह था कि कला एक समानान्तर अनुभव है किसी भी रूप मे उसका हमारे बाह्य ससार के अनुभव से तादात्म्य नही हो सकता है। किन्तु ऐसी समानान्तरता एक भ्रम है। नवीन यथार्थता का सृजन समय–अनुबन्धित मानवीय क्षमता के परे है।

अपने एक पत्र मे बारबारा हैपवर्थ ने कलात्मक प्रक्रिया की इस द्वैधवृत्ति (यथार्थवादी एव अमूर्त कला) के बारे मे स्पष्ट किया है– जब मै चित्रण या मूर्ति का सृजन करती हूँ तो मुझे अभिप्राय या मन स्थिति मे कोई अन्तर नही लगता है। एक सा ही लगता है– वही उल्लास एव पीडा रेखा रूप और रगो मे महसूस होती है। कार्य करते और समाप्त होने पर भी वही भावना होती है। दोनो ही पद्धतियॉ एक दूसरे मे प्रवाहित होकर बिना किसी प्रयास के एक दूसरे की वृद्धि करते हुए पूर्ण स्वतत्रता देती है। यथार्थवादी रूप मे कार्य करते हुए जीवन मानवता और पृथ्वी के प्रति प्रेम मे वृद्धि होती है। अमूर्तन मे कार्य करने पर अपने व्यक्तित्व को मुक्ति मिलती सी लगती है जीवन का अवलोकन व प्रत्यक्ष बोध तीक्ष्ण होता है और हम बहुत गहनता से सचालित होते हैं। [11]

कलाकार मे सृजनात्मक प्रक्रिया का यह एक सर्वाधिक उद्‌घाटन करने वाला व्यक्तव्य है और पारस्परिक तनाव' के सिद्धान्त की ओर

सन्दर्भ –

1 रोजर फ्राइ विजन एड डिजाइन पृष्ठ–4

2 Ludwig H Heydenheich reich एनसाइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड आर्ट वॉ –IX पृष्ठ 216

3 एच एच अरनासन ए हिस्ट्री ऑफ मॉर्डन आर्ट पृष्ठ 24

4 रॉबर्ट वैलेस द वर्ल्ड ऑफ वान गाग टाइम–लाइफ बुक्स न्यूयार्क पृष्ठ 179

5 अमृता शेरगिल मार्ग प्रकाशन पृष्ठ 96

6 एच एच अरनासन ए हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न आर्ट पृष्ठ 96

7 हर्बर्ट रीड द फिलोसोफी ऑफ मॉडर्न आर्ट पृष्ठ–18

8 नीना कैलिटिना क्लॉद मोने ऑरोरा पब्लिशर्स लेनिनग्राद पृष्ठ–24

9 लेखिका ने म्यूजे द ओरसे पेरिस मे इन मौलिक चित्रो का अवलोकन किया है।

10 हर्बर्ट रीड द फिलोसोफी ऑफ माडर्न आर्ट पृष्ठ–38

11 हर्बर्ट रीड द्वारा उद्धृत द फिलोसोफी ऑफ मॉडर्न आर्ट पृष्ठ–98

चित्र साभार – द म्यूजियम ऑफ माडर्न आर्ट न्यूयार्क से प्रकाशित पिक्चर पोस्टकार्ड–ग्रीक आर्ट जॉन बोर्ड मैन टेम्स एण्ड हडसन लन्दन व्यक्तिगत सग्रह– अवधेश मिश्र लखनऊ विजय सिह वाराणसी।

Sanjhi Oil colour 36 X 40 H N Mishra

"SANJHI"
IT IS AN ART OF VILLAGE WOMEN

*Dr H N Mishra **

Since the begining of human civilization art and religion have been closely related It is evident in folk songs folk paintings and folk stories Folk art binds man and society together Through it man also prays and propitiates the supernatural and seeks a sympathetic adjustment with his environment It is a source of emotional security besides displaying various forms of art Sanjhi is such a ritual art When our country celebrates Dashehra and Durgapuja in the villages of Western Uttar Pradesh women celebrate the cult of Sanjhi It combines Indian folk and classical traditions which exist in a continuum

During Navratra enter a village in Western Uttar Pradesh we find in twilight of the setting sun when the villagers and cattle have returned from fields almost in every house women are seen waiving earthen lamps in front of a decorated mural They sing songs This is sanjhi worship a part of sanjhi cult Sanjhi is widely celebrated in certain parts of Punjab and Delhi Haryana and western Uttar Pradesh including Braj and Bundelkhand Rajasthan in Malwa and Nimar in Madhya Pradesh and in Gujrat and Maharastra

Sanjhi is celebrated at the fall of rainy season Its mode and time differ from place to place In some places it is celebrated not in Navratra but pitrapaksha In Rajasthan and Malwa it is a festival of unmarried girls Here the sanjhi is conceived as a maiden who leaves for her father in law s house after the ritual is over In western Uttar Pradesh it is celebrated during Navratra and has close links with Shakti cult In some places the figure of Sanjhi is drawn or arranged on the ground but in western Uttar Pradesh it is modelled and fixed against the wall like a mural As a ritual art Sanjhi has an exclusive distinction It is an art of women old and young Young girls acquire it through participatory practice and by immitation That is why it assimilates changes and innovations in its basic prsistent pattern

To acquaint ourselves with different dimensions of Sanjhi let us enter the village Thola in the Distt Of Saharanpur It is a settlement of three to four hundred houses The people mostly live in Kachha houses The inhabitants of the village are predominently agriculturists There are Hindus and a few Muslims They are divided in high and low castes During Navratra in most of the houses walls are decorated with Sanjhi Moving through narrow and surpentine paths of the village we have a look at the Sanjhis of the different houses In some it is small and in some large The whole village surges around when we begin the shooting of Sanjhi The children are as waywards as they are curious The preparation for Sanjhi starts by the end of pitrapaksha The call for start comes from old ladies They are generally helped by the daughters and daughters in law of the house While modelling Sanjhi women sing traditional songs This ritual group singing and artistic creation of Sanjhi put a touch of recreation in the otherwise hard life of the women of the village

Different parts of the sanjhi are modelled out of clay They are then placed on a wooden plank or in some secluded place on the ground or in a cot and allowed to dry On the blacknight day of the month of Asaug (oct) starts the colouring of different parts of Sanjhi A white base of lime or chalk is provided to them After that some women fix them on the wall and then give them different colours in accordance with their respective concept and choice Some use yellow ochre (Ram Raj Mitti) and Indian Red (Geru) over the white base Now factory made colours pink green yellow and blue usually sold in the village market are mostly used

Where young girls and elderly ladies of the house are educated and are in touch with the cities one may find the use of poster colours Here painters brush has replaced the traditional brush a thin stalk of a kind of reed (called sink) at the one end of which is tied a small ball of cotton To arrange Sanjhi on a wall a base is created by coating it with the paste of cowdung and clay Over that base with the help of cowdung is created an abstract form of Sanjhi With some artists it is small Some model it in rectangular form and some give to it the shape of a temple Some depict it in an abstract human form On this abstract figure of the cowdung are pasted different parts of sanjhi Through this technique different artist create different conceptions of sanjhi where a large clay figure of sanjhi appears difficult to be pasted it is fixed and hung against the help of nails It has to be noted that sanjhi is the anthropomorphized form of the eternal and all pervading Godess So in the conception of the artist it is a female figure modelled as the woman of the region Some artist provide teeth to the figure with rice or small particles of a particular kind of reed Eyes are depicted by using Kauri The figure is decorated with usual regional ornaments Hansuli Har and Mangal sutra in the neck and breast big Navth in the nose Karnaphool and Jhumka in the ears Berva Pahunchi Churhi and Anguthi on the figures The parting of the head carried Mangtika In the hands of the godess are placed Batuwa and Pankha The waist is decorated with Kardhani and ankles with Kara Chhara and Payal Fingeres of the feet are also decorated with rings In certain cases sanjhi is dressed in chappals Sanjhi s dress mostly consists of Lahanga choli and

Studio 14 Pragati Vihar sahastradhara Road DEHRADUN 248001

orhani In very few cases she is dressed in saree In some cases Lahanga and choli are made short and they give the impression of being blouze and skirt

The sanjhi is not mere female figure It is an arrangement of different but presistent motifs among which the female figure occupies the most prominent place Since sanjhi is the godess over her head hangs chatra (Umbrella) of silver or of some other metal painted golden yellow Other motifs are drawn from nature from the philosophy of life and from the world around On the right side of the sanjhi is fixed the symbol of sun on the left that of moon and around them are pasted small white stars to provide a supernatural touch to lthe whole arrangement

Peacocks and parrots are show in sitting on a green branch The brother of sanjhi is a must and so is the figure of a thief hung upsidedown Among mundane things are modelled Cow Ox Drummer the party of brassband a man smoking hookah (Hookahwala) and other selling chat (Chatwala) The conception of sanjhi differs from house to house In some it is just a female figure made of triangles In some it is crude and a symbol of a fearful being In some it is a beautiful female figure decorated in ornaments and dress indicating taste and saphistication of the artist

On the day following the sanjhi is fixed on the wall women go to the fields in groups From there they bring back earth(mitti) That mitti is either placed in a pot or it is spread on the ground near the sanjhi In this earth are sown the seeds of barley which sprout quickly This abstract form of ritual art seems to have multi dimenstional linkages in the social cultural life of the people The concept of super natural finds an abstract but realistic portrayal of the woman of the region Like her sanjhi is shown in Parda but not with a deep veil

Magical touches of ritual are quite evident Sowing of barley is a ritual for a good crop On the day of vijay Dashmi the farmers of the region start sowing of Rabi crop Depiction of Sanjhi s brother is magically related to woman s wish of long life for her brother The thief is modelled ward off the possibility of theft in the house Parrots with read beak and green body are supposed to promote prosperity Ornaments and other symbols of married life are believed to safeguard woman s Sohag (Marital state) Women first offer sindur to Sanjhi and then apply in on their forehead Sanjhi seems to have been derived from the shakta cult which can be traced to the days of Harappa and Mohanjodaro In many houses it is modelled as Durga the Singhwahini To Worship sanjhi as Durga both male and female observe fast during Navratra Durga chalisa is recited in front of sanjhi In the evening women of the family and neighbourhood offer ritual worship to sanjhi While worshiping they also sing ritual songs As goes the tradition on the last days of Navratra Sanjhi is dismantled it is ritually thrown away in water in a pond or river or canal

Away from ritual sanjhi is an art of modelling based on the material available in the immediate environment In the grammer of contemporary art this purposive art may be described as tiles mural

Goddes Sanjhi a painted clay assemblage on wall contemporary

Jivan Adalja Folk Symbol (Sanjhi) Ink Drawing

Sanjhi

Photo Courtsy – Dr H N Mishra Dehradoon Search for Roots Lalitkala Akademi New Delhi

व्यक्तिगत वार्ता 2000 कैनवस पर एक्रेलिक 116 x 126 सेमी — एस प्रणाम सिंह

कला, विचार की सशक्त अभिव्यक्ति

डॉ सुषमा राय *

कला 'स्व की सत्ता के साथ सर्वसत्ता के घनिष्ठ परिचय का साक्ष्य है। यह व्यक्ति और समष्टि के बीच एक सामजस्य स्थापित करती है तथा अन्तर्वृत्तियो को परिमार्जित कर हमे स्वस्थ सबल और सतुलित बनाती है। मनुष्य जन्म से ही सवेदनशील सचेतन तथा विचारशील प्राणी है। उसमे निहित 'स्व की भावना उसकी सचेतनता का ही परिणाम है जिसके कारण उसमे विशिष्ट कल्पनाये अनुभूतियॉ आकाक्षाये दृष्टिकोण विचार तथा अभिप्रेरणाये निहित रहती है। व्यक्ति का 'स्व' उसकी आकाक्षाओ के कारण ही उसके सामाजिक एव राजनीतिक जीवन को उद्वेलित करता है।

कला सृजन से कलाकार के अन्तर्जगत का निकटतम सम्बन्ध है। किसी भी कला की उत्पत्ति कलाकार के मानस से होती है। ये शक्तियॉ मनुष्य के अन्तर्जगत मे सस्कार या अन्य किसी रूप मे प्रतिष्ठित होती है और तभी उनकी रचना प्रक्रिया को प्रभावित कर पाती है। जब तक कलाकार मे अत प्रेरणा नही जग पाती तब तक वह कला मे सजीवता नही ला पाता है। यह अत प्रेरणा मन के सचेत स्तरो की अपेक्षा उसके अर्धचेतन मन के स्तर पर जागृत होती है। कविता और चित्र को मनुष्य की स्वप्न प्रवृत्ति का ही एक प्रक्षेपण माना गया है। कल्पना के द्वारा अन्तर्जगत मे छिपी हुई भावनाओ को काल्पनिक रूप दिया जाता है। ये अज्ञात शक्तियॉ हमारे दैनिक जीवन के तत्वो उनके परिवेश और सवेगो से सयुक्त होकर हमारे अन्तर के गहन स्तरो मे कार्य करती है और हमारे जाने बगैर उन शक्तियो के कारण कलाकृति हमारे अन्तर्जगत मे बन जाती है ओर प्रकट होने के लिए माध्यम का सहारा लेकर प्रकट हो जाती है।

मा और बालक ड्राइग पेन एण्ड इक धीरज चौधरी

वर्तमान राजनीति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे अपना प्रभाव स्थापित किये हुए है जिसका कारण है जनतत्र शासन के अन्तर्गत सर्वाधिकार सम्पन्न जनता का राज्य। अत आज का नागरिक अपने अधिकारो और कर्तव्या क प्रति पूण सजग तथा राजनीतिक क्रियाकलापा म भाग लेने के लिए पूण स्वतत्र ह। इन्ही नागरिका म से व्यक्तियो का एक समूह इस अभिप्रेरणा को रचनात्मक रूप प्रदान करता हे। इसी रचनात्मक अभिप्रेरणा की एक धारा चित्रकला हे जिसके अन्तगत चित्रकार एक ओर शान्ति समृद्धि राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय परिस्थितिया का चित्रण करता हे ओर दूसरी ओर समाज की विकृत प्रथाआ हिसा व आतकवादी नीतिया का विरोध अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के द्वारा करता हे। अपनी इन प्रवृत्तियो का विकास चित्रकार सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियो म रहकर करता है। सामाजिक परिवेश उसे हर क्षण प्रभावित करते रहत ह जिससे वह सवेदनशील हा उठता हे ओर स्वत ही सजना की ओर प्रवृत्त होता हे।

भारतीय कला सदैव से ही राजनीति की सहचरी बनकर रही है तथा राजनीतिक प्रभावो के साथ–साथ कला भी प्रभावित होती रही है। इसके उदाहरण भारत मे प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक की कला मे मिलते हे। मध्यकाल मे मुगल और राजपूत रियासतो के विघटन तथा पहाडी शैली की समाप्ति के पश्चात आधुनिक काल के पुनरूत्थान काल की चित्रकला देश मे व्याप्त अग्रेजी–शासन के अत्याचारो तथा नवजागरण और स्वदेशी शासन के सपनो पर आधारित रही। जब अग्रेज–अधिकारी भारतीयो का धन हडप रहे थे उन्हे छोटे से अपराध के लिए भी तोपो के मुह से बाधकर उडा रहे थे उनकी सामूहिक हत्याये कर रहे थे ऐसे समय मे चित्रकार वर्ग का ह्रदय विचलित हो उठा और उन्होने अपने चित्रो के माध्यम से भारत की सोती हुई राष्ट्रीय भावनाओ को जागृत किया और अग्रेजो की जन विरोधी नीतियो को चित्रो के माध्यम से जनता तक पहुचाया।

राजनीतिक प्रचार और प्रसार मे चित्रकारो का अत्यधिक महत्व है। एक व्यग चित्रकार तनिक सी रेखाओ द्वारा दस हजार शब्दो से

* रीडर चित्रकला विभाग रघुनाथ गर्ल्स (पी जी) कालेज मेरठ–250001

युगल क्ले एस जी श्रीखडे

सुन्दरम आदि उच्च कोटि के कलाकारो ने इस समस्या पर चित्रण किये और जनचेतना जगाई।

आज के बदलते राजनैतिक परिवेश मे स्वार्थपरता और जन विरोधी प्रवृत्तियो का बोलबाला बढता जा रहा है। चित्रकार वर्ग इससे अनभिज्ञ नही हे वह इस भ्रष्ट राजनीतिक जाल को अनुभव करता है जिसकी अभिव्यक्ति उसके चित्रो मे होती है। चित्रकार राम चन्द्र शुक्ल गोपाल मधुकर चतुर्वेदी कष्ण खन्ना पी टी रेडडी रामेश्वर ब्रूटा आदि ने निर्भीक होकर इस भ्रष्ट राजनीति के कार्यकलापो को अपने चित्रो के विषय बनाये तथा भ्रष्ट और घृणित राजनीति तथा राजनीतिज्ञो पर चित्रो के माध्यम से तीखी टिप्पणियॉ की।

मनुष्य का प्रत्येक कार्य किसी न किसी मूल प्रवृत्ति की क्रियाशीलता का ही परिणाम है। प्रवृत्तिया वे आधार है जिससे मानव की बौद्धिक क्षमताओ के पथ प्रदर्शन मे व्यक्तियो तथा राष्ट्रो की प्रकति व सकल्प का क्रमश विकास होता है। आधुनिक जीवन की यथार्थताओ समस्याओ और आर्थिक विषमताओ को लेकर जो भाव उत्पन्न हुए उसी के अनुकूल इन चित्रकारो ने अकन किये। जनता का कष्टमय जीवन बुद्धजीवी वर्ग का असतोष शिक्षित बेरोजगारो की दुर्दशा समाज पर पडने वाली पूजीपतियो की काली छाया और काले धन से उत्पन्न विषमताये आदि आज के कलाकारो के विषय बने। चित्रकारो ने अपने अनुभव और क्षमता द्वारा चित्रो के माध्यम से दर्शको और श्रोताओ को चमत्कत कर दिया चौका दिया और आतकित कर दिया तथा उन्हे जीवन के आयामो के निकट पहुँचा कर सोचने के लिए बाध्य कर दिया।

अधिक व्यक्त कर देता है क्योकि वह बौद्धिकता के बहुत अधिक निकट है। चुनाव के समय चित्रकार राजनीतिक दलो के लिए भाति–भाति के पोस्टर तैयार करता है और चुनाव चिन्हो का निर्माण करता हे जिसके द्वारा अशिक्षित जनता भी समझ जाती है कि यह पोस्टर किस दल का है और वह दल जनता के हित मे क्या–क्या कार्य करेगा। चुनाव प्रचार मे बडे–बडे चित्रकारो की भी सहायता ली जाती है। वे जनता के मनोभावो को समझ कर उनकी आवश्यकता और सुख–सुविधा को ध्यान मे रखकर पोस्टरो और चुनाव पत्रो की रचना करते है। आधुनिक चित्रकार विवानसुन्दरम एम एफ हुसैन एव अन्य उच्च स्तरीय चित्रकारो ने चुनाव हेतु पोस्टर बनाकर राजनीति को सहयोग दिया। राजनीतिक योजनाओ और नारो पर भी सशक्त चित्रण करके चित्रकार वर्ग ने इसे सफल बनाने मे सहयोग दिया। उदाहरण के लिए छोटा परिवार–सुखी परिवार के नारे पर चित्रकार वर्ग ने अनेक चित्रण करके जनता को इसके महत्व को समझाया। इसी प्रकार गरीबी हटाओ' दहेज प्रथा उन्मूलन नारी शिक्षा बाल शिक्षा प्रौढ शिक्षा बेगारी उन्मूलन आदि विषयो पर चित्रकार वर्ग ने सशक्त चित्रण किये।

1979 का वर्ष बाल वर्ष' के रूप मे मनाया गया परन्तु समाज से ठुकराये लाखो बच्चो को इसका कोई लाभ नही मिला। भावी पीढी की इस दुर्दशा को चित्रकार वर्ग ने अनुभव किया और उसका मार्मिक चित्रण किया सुकुमार चटर्जी शिव प्रसन्ना मिलन मुखोपाध्याय बिन्दु जेटली धीरज चौधरी अमिताभदास सतीश जोशी एव विवान

कला समस्त जाति और देश के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। राजनीतिज्ञो को सदा यह बोध रहता है कि कलाकार राष्ट्र की भावनाओ को अपनी कल्पना से छूकर दीर्घकाल से पडी आदतो एव तर्क के प्राचीन अनुशासन को नष्ट कर सकता है। यही कारण है कि राजनीतिज्ञ सदैव ही कलाकारो और कवियो से उनके भावावेग जगाने की क्षमता के कारण भयभीत रहता है। जब कभी कोई आन्दोलन होता है या बदलाव की स्थिति आ जाती है तो कवि लेखक साहित्यकार एव चित्रकार अपने–अपने माध्यम से अपनी समीक्षात्मक दृष्टि जनता के सामने रखते हैं और देश तथा परिस्थितियो को आधार मानकर कला सर्जना करते है। कला पूर्ण रूप से व्यक्तिनिष्ठ होती है। चित्रकार अपनी आन्तरिक शक्ति से उसका सशक्त अन्वेषण करता है जो चित्र का महत्वपूर्ण अग होता है और विचारो की सशक्त अभिव्यक्ति भी।

चित्र साभार – ललित कला कान्टेम्प्रेरी स 29 व्यक्तिगत सग्रह – श्री एस जी श्रीखडे (लखनऊ) श्री एस प्रणाम सिह (वाराणसी)

नेचर स्केप जल रग – मनोहर कौल

युगल क्ले एसजी श्रीखडे

सुन्दरम आदि उच्च कोटि के कलाकारो ने इस समस्या पर चित्रण किये और जनचेतना जगाई।

आज के बदलते राजनैतिक परिवेश मे स्वार्थपरता और जन विरोधी प्रवृत्तियो का बोलबाला बढता जा रहा है। चित्रकार वर्ग इससे अनभिज्ञ नही है वह इस भ्रष्ट राजनीतिक जाल को अनुभव करता है जिसकी अभिव्यक्ति उसके चित्रो मे होती है। चित्रकार राम चन्द्र शुक्ल गोपाल मधुकर चतुर्वेदी कष्ण खन्ना पी टी रेडडी रामेश्वर ब्रूटा आदि ने निर्भीक होकर इस भ्रष्ट राजनीति के कार्यकलापो को अपने चित्रो के विषय बनाये तथा भ्रष्ट और घृणित राजनीति तथा राजनीतिज्ञो पर चित्रो के माध्यम से तीखी टिप्पणियॉ की।

मनुष्य का प्रत्येक कार्य किसी न किसी मूल प्रवृत्ति की क्रियाशीलता का ही परिणाम है। प्रवृत्तिया वे आधार है जिससे मानव की बौद्धिक क्षमताओ के पथ प्रदर्शन मे व्यक्तियो तथा राष्ट्रो की प्रकति व सकल्प का क्रमश विकास होता है। आधुनिक जीवन की यथार्थताओ समस्याओ और आर्थिक विषमताओ को लेकर जो भाव उत्पन्न हुए उसी के अनुकूल इन चित्रकारो ने अकन किये। जनता का कष्टमय जीवन बुद्धजीवी वर्ग का असतोष शिक्षित बेरोजगारो की दुर्दशा समाज पर पडने वाली पूजीपतियो की काली छाया और काले धन से उत्पन्न विषमताये आदि आज के कलाकारो के विषय बने। चित्रकारो ने अपने अनुभव और क्षमता द्वारा चित्रो के माध्यम से दर्शको और श्रोताओ को चमत्कत कर दिया चौका दिया और आतकित कर दिया तथा उन्हे जीवन के आयामो के निकट पहुँचा कर सोचने के लिए बाध्य कर दिया।

अधिक व्यक्त कर देता है क्योकि वह बौद्धिकता के बहुत अधिक निकट है। चुनाव के समय चित्रकार राजनीतिक दलो के लिए भाति–भाति के पोस्टर तैयार करता है और चुनाव चिन्हो का निर्माण करता है जिसके द्वारा अशिक्षित जनता भी समझ जाती है कि यह पोस्टर किस दल का है और वह दल जनता के हित मे क्या–क्या कार्य करेगा। चुनाव प्रचार मे बडे–बडे चित्रकारो की भी सहायता ली जाती है। वे जनता के मनोभावो को समझ कर उनकी आवश्यकता और सुख–सुविधा को ध्यान मे रखकर पोस्टरो और चुनाव पत्रो की रचना करते है। आधुनिक चित्रकार विवानसुन्दरम एमएफ हुसैन एव अन्य उच्च स्तरीय चित्रकारो ने चुनाव हेतु पोस्टर बनाकर राजनीति को सहयोग दिया। राजनीतिक योजनाओ और नारो पर भी सशक्त चित्रण करके चित्रकार वर्ग ने इसे सफल बनाने मे सहयोग दिया। उदाहरण के लिए 'छोटा परिवार–सुखी परिवार के नारे पर चित्रकार वर्ग ने अनेक चित्रण करके जनता को इसके महत्व को समझाया। इसी प्रकार 'गरीबी हटाओ' दहेज प्रथा उन्मूलन नारी शिक्षा बाल शिक्षा प्रौढ शिक्षा बेगारी उन्मूलन आदि विषयो पर चित्रकार वर्ग ने सशक्त चित्रण किये।

1979 का वर्ष बाल वर्ष' के रूप मे मनाया गया परन्तु समाज से ठुकराये लाखो बच्चो को इसका कोई लाभ नही मिला। भावी पीढी की इस दुर्दशा को चित्रकार वर्ग ने अनुभव किया और उसका मार्मिक चित्रण किया सुकुमार चटर्जी शिव प्रसन्ना मिलन मुखोपाध्याय बिन्दु जेटली धीरज चौधरी अमिताभदास सतीश जोशी एव विवान

कला समस्त जाति और देश के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। राजनीतिज्ञो को सदा यह बोध रहता है कि कलाकार राष्ट्र की भावनाओ को अपनी कल्पना से छूकर दीर्घकाल से पडी आदतो एव तर्क के प्राचीन अनुशासन को नष्ट कर सकता है। यही कारण है कि राजनीतिज्ञ सदैव ही कलाकारो और कवियो से उनके भावावेग जगाने की क्षमता के कारण भयभीत रहता है। जब कभी कोई आन्दोलन होता है या बदलाव की स्थिति आ जाती है तो कवि लेखक साहित्यकार एव चित्रकार अपने–अपने माध्यम से अपनी समीक्षात्मक दृष्टि जनता के सामने रखत है और देश तथा परिस्थितियो को आधार मानकर कला सर्जना करते है। कला पूर्ण रूप से व्यक्तिनिष्ठ होती है। चित्रकार अपनी आन्तरिक शक्ति से उसका सशक्त अन्वेषण करता है जो चित्र का महत्वपूर्ण अग होता है और विचारो की सशक्त अभिव्यक्ति भी।

चित्र साभार – ललित कला कॉन्टेम्प्रेरी स 29 व्यक्तिगत सग्रह – श्री एसजी श्रीखडे (लखनऊ) श्री एस प्रणाम सिह (वाराणसी)

नेचर स्केप जल रंग – मनोहर कौल

मनोहर कौल

*डॉ किरन प्रदीप **

कुछ ऐसे व्यक्तित्व जो इतिहास बनकर रह जाते हैं युगो–युगो तक उनके कृतित्व प्रेरणास्रोत बने रहते है ऐसे ही अविस्मरणीय हस्ताक्षर मनोहर कौल थे जिन्हे कला जगत आदर्श की तरह महत्व देता हुआ भारतीय कला के प्रायोगिक व सैद्धान्तिक पक्ष के प्रति उनकी परिकल्पनाओ को साकार करने का प्रयास करेगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजलि होगी। शोध पत्र के रूप मे प्रस्तुत है डॉ किरण प्रदीप जी द्वारा इस सवेदनशील और बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न कलाकार के व्यक्तित्व कला यात्रा व अमूल्य दर्शन पर एक आलोक –

आधुनिक परिवेश मे जहा कला पूर्णतया कलाकार की अमूर्त भावनाओ की अभिव्यक्ति हे जहा भारतीय कला अपने वास्तविक परिधान को उतारकर आधुनिक पाश्चात्य आवरण को धारण कर रही है कला की पुरानी परम्पराए लुप्त होकर मात्र माडर्न शब्द मे सिमट कर हीन हो रही हैं ऐसे मे यथार्थ परिदृष्टि और ऐन्द्रिक सौदर्य को ध्यान मे रखते हुए एक कलाकार प्रकृति की गोद मे क्रीडा करते हुए उसके आध्यात्मिक सौदर्य को साकार कर रहे है– वह हैं– मनोहर कौल।

मनोहर कौल ऐसे कला जगत मे विद्यमान है जहॉ कलाकार अपने चित्रो को लैण्डस्केप तो कह देता है परन्तु प्रकृति का वाह्य सादृश्य कही भी न होने पर वह मात्र अमूर्तता[1] के आवरण से आच्छादित आमोद प्रतीत होता है। उनका विचार है कि वह अपनी कल्पना मे उस आन्तरिक सौन्दर्य का ध्यान करते हैं और जिस प्रकार आत्मा का कोई निश्चित रूप नही होता उसी प्रकार उनके हृदय मे स्थित भाव अमूर्त बनकर कैनवास पर रगो से क्रीडा करते हैं। ऐसे वातावरण मे मनोहर कौल स्वय को इन कलाकारो से बहुत दूर रखते हुए ईश्वरीय सृष्टि–प्रकति के अनुपम सौदर्य को चित्ररूप देने मे सलग्न हैं। वह एक गायक की भाति प्रकृति चित्रो मे सगीतात्मकता को प्रस्तुत करते है और वडर्सवर्थ की भॉति प्रकति की पूजा करते है।

काव्य सदृश रस के आस्वादन कल्पना द्वारा अभिव्यक्त होने पर भी यथार्थ सदृश रूप रमणीय वर्ण कलात्मक अभिव्यजन को प्रस्तुत करने वाले सन्त कलाकार मनोहर कौल का जन्म 21 सितम्बर 1925 ई मे श्रीनगर (कश्मीर) मे कला साहित्य सुरुचि सम्पन्न परिवार म हुआ जहा से बालक मनोहर को सदैव प्रेरणा मिलती रही। इनके पिता श्री कण्ठ काल काश्मीर मे एस पी कालिज म अग्रजी साहित्य क अध्यापक एवम विद्वान थे। इनके परदादा श्री सहजराम एक चित्रकार होन के साथ–साथ उर्दू, फारसी अरबी एव काश्मीरी भाषा म कविता रचते थे यहा तक कि पोथियो की लिखाइ भी वह स्वय करते थे।

बालक म्नोहर को कला–प्रतिभा विरासत मे अपने परिवार से मिली परन्तु चित्र रचना की प्रेरणा का आधार अपने परदादा को न मानकर वह प्राकतिक सौदर्य को मानते है जो उनके चारो ओर कण–कण मे विद्यमान था। काश्मीर के प्राकतिक सौदर्य को आधार बनाकर उन्होने बिना किसी की प्रेरणा से बाल्यकाल मे अपनी स्कूल की कॉपियो मे 'स्केच' प्रारम्भ कर दिया।[2] यही से इनकी कला–अभिरुचि के चिह्न दृष्टिगोचर होने लगे परन्तु इस क्षेत्र मे उन्हे बहुत सघर्ष करना पडा क्योकि भारत मे कलाकार का भविष्य सुरक्षित न होने के कारण उन्ह परिवार की ओर से कला क्षेत्र मे जाने की अनुमति नही मिली। परिणामत मनोहर ने अपने मन को समझाकर शिक्षा जारी रखते हुए कला को एक डाइवर्जन के रूप मे लिया।

परिवार की इच्छानुसार कला को गौण रखकर इन्होने एम ए अर्थशास्त्र मे दाखिला ले लिया परन्तु उनके कॉलिज के समीप ही पोलीटेक्नीक इन्स्टीटयूट था जहा वह अपनी कक्षा से भागकर चले जाते थे। इससे इन्हे डाट पडती थी।[4] परन्तु शनै शनै जब इनके पिता ने इनकी लगन देखी तो श्रीनगर मे 'सर ए एस टेक्नीकल इन्स्टीटयूट' मे ललितकला के अध्ययन के लिए दाखिल करा दिया। यहा अध्ययन करते हुए इन्हे अपने शिक्षक प्राचार्य ज्योतिष चन्द्र मुखर्जी से चित्रण की प्रेरणा मिली जो काश्मीर के सौदर्य को आधार बनाकर लैण्ड स्केप' चित्रण करते थे। इसके अतिरिक्त कुछ प्रेरणा इन्हे दीनानाथ बाली की प्रदर्शनी देखकर मिली जो एक काश्मीरी चित्रकार है।[5] दीनानाथ बाली को चित्रण करते देखकर इन्होने प्रयोगात्मक क्षेत्र मे जल रग जैसे कठिन माध्यम से चित्रण करना सीखा। इसके अतिरिक्त अपने ड्राइग टीचर जगन्नाथ से इन्होने

* वरिष्ठ प्रवक्ता चित्रकला विभाग कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ

प्रारम्भिक शिक्षा पर्याप्त था।

ज्योतिष चन्द्र मुखर्जी और दीनानाथ वाली से प्रथम प्रेरणा लेकर उन्होंने अपने मित्र पी.एन. काचरा के साथ साइकिल पर घूम-घूम कर प्रत्यक्ष चित्रण प्रारम्भ कर दिया। काश्मीर का सौंदर्यमयी प्रकृति के विभिन्न आकार, रूप, रंग, प्रकाश, ऋतु, वातावरण आदि का अध्ययन करते हुए इन्होंने प्रकृति का एक रमणीय संसार चित्रपट पर बनाना शुरू कर दिया।

काश्मीर में कला शिक्षा और नैसर्गिक वातावरण से प्रेरणा लेकर 1948 मे मनोहर कौल दिल्ली आकर सेन्ट्रल ब्राडकास्टिंग म नौकरी करने लगे। इससे चित्र बनाने के लिए इन्हे समय कम मिलता था परन्तु फिर भी वह चित्र बनाते रहे। 1954-55 के लगभग इनका स्थानान्तरण न्यूज कास्टिंग डिपार्टमेंट म हो गया जहा इन्हे सुबह 6 00 बजे स 8 00 बजे ओर शाम 6 00 से 8 30 तक कार्य करना होता था। बाकी समय म वह पुस्तकालय मे जाकर अध्ययन करते थ क्योकि चित्रण के साथ-साथ उनकी रुचि लेखन मे भी थी।

दृश्य चित्र जल रग मनोहर कौल

चित्रकला के इतिहास का अध्ययन करते हुए उन्होने 'ट्रेन्डस' इन इन्डियन पेटिग विषय पर लिखना प्रारम्भ किया और 'हिन्दुस्तान स्टैन्डर्ड' नव 3 1957 मे इनका यह लेख छपा। इस लेख को आधार बनाकर इन्होने इस किताब को लिखना आरम्भ किया। लिखने मे पाच वर्ष लगे। 1961 मे धूमीमल ने इसे प्रकाशित करवाया।

इस प्रकार चित्रण और लेखन कार्य करते हुए आज वह एक प्रतिष्ठित रचनाकार के रूप मे जाने जाते है। वह प्रात चार बजे उठकर ताजगी मे लेखन और चित्रण प्रारम्भ कर देते है। प्रात काल का शान्तिपूर्ण प्रफुल्ल वातावरण वह अपने चित्रो मे प्रस्तुत करना चाहते है। रात्रि के वातावरण और अन्धकार को वह पसन्द नही करते यह उनके चित्रो से भी ज्ञात होता है क्योकि उनके चित्रो मे भी प्रफुल्ल वातावरण की सृष्टि की गयी है। एक प्रकार से इनके चित्रो म अकित प्रकति उददीपन रूप को प्रस्तुत करती है क्योकि वह दर्शक के हृदय मे प्रसन्नता क भावो को जाग्रत करती है।

प्रत्येक व्यक्ति के स्वभाव और जीवन के प्रति दृष्टिकोण का प्रभाव उसकी रचनाओ मे स्पष्ट लक्षित होता है। इसका स्पष्ट प्रमाण रामकुमार ओर मनोहर कोल के चित्रो को देखकर हो जाता है। आज कलाकार वाह्य यथार्थ से दूर मात्र अभिव्यक्ति की आड मे कल्पना का परिणाम अपने चित्रो मे उजागर करता है। मनाहर कौल के चित्र यथार्थ होते हुए भी यथार्थ नही। वह प्रसिद्ध दार्शनिक प्लेटो की भाति कला को प्रकति की नकल न मानकर कलात्मक सृजन की अभिव्यक्ति मानते है। उनके विचार मे प्रकति का खजाना विस्तृत है जिसे अनुकत कर कलाकार अपने पट पर नही सजो सकता[6] मात्र प्रकति का अध्ययन कर इससे प्रेरणा ग्रहण कर सकता है। चालीस वर्षो के अध्ययन तथा साधना का परिणाम मनोहर कौल के चित्रो मे स्पष्ट लक्षित होता है। विभिन्न प्रकार के पत्थर बर्फ चटटान पत्थर के ढर्रो मे उगने वाले फूल झरना गहरी चटटानो के मध्य पिघलती सफेद बर्फ हरीतिमा पहाडी बादलो से घिरे पर्वत चाद का सौदय आदि इनके चित्रो का आधार है।[9] इसी से इनके चित्र रूढिवादिता के दायरे से पूर्णतया दूर है– वह दायरा जहा आज का कलाकार उसे अनटाइटल्ड कह कर छोड देता है। परन्तु मनोहर कौल के चित्र जटिलता से दूर सरल स्पष्ट तथा ऐन्द्रिक रूप से दर्शक को मोह लेते है।

चित्रण के अतिरिक्त जैसा विदित है कि कौल की रुचि लेखन मे भी रही है। ट्रेन्डस इन इण्डियन पेन्टिग और काश्मीर हिन्दू, बुद्धिस्ट एण्ड मुस्लिम आरकिटेक्चर किताबो के लेखक के रूप मे कार्य करने के पश्चात 1988 से वह कला और सास्कतिक पत्रिका कला दर्शन के सम्पादक के पद पर कार्य कर रहे है। इसके अतिरिक्त अपनी प्रतिभा के लिए वह समय-समय पर सम्मानित भी होते रहे है।

शैली वैविध्य

प्रकृति का विशाल भण्डार प्रारम्भ से ही भावुक कलाकारो व कवियो के लिये प्रेरणा स्रोत रहा है। इस विशाल भण्डार से प्रेरित होकर रचनाकार आत्माभिव्यक्ति हेतु विभिन्न नैसर्गिक उपादानो को पट पर सजोता रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का स्वभाव व दृष्टिकोण भिन्न-भिन्न होता है। परिणामत उसके द्वारा की गई अभिव्यक्ति एक पृथक स्वरूप ग्रहण कर लेती है। रामकुमार ने प्रकृति को जहा ज्यामितीय रूपो और उदास रगो द्वारा सरलीकृत कर दिया विमल दास गुप्त ने जल की गहराई मे जाकर सागर तल के वक्षस्थल के उपादानो को बिना देखे कल्पना की वही मनोहर कौल के प्रारम्भ से लेकर आज तक चित्रित प्रकृति का प्रस्तुतीकरण रूपो रगो मे अन्तरयुक्त होते हुए कलाकार की शैली की विविधता को स्पष्ट उजागर करता है।

मनोहर कौल द्वारा अकित प्रकृति की आध्यात्मिकता को अनुभव कर प्रतीत होता है कि मानो उन्होने समाधिस्थ होकर ईश्वर से

साक्षात्कार कर इस सौदर्य को पट पर बिखेरा है।[10] फ्रास के प्रसिद्ध कलाकार सेजा ने प्रकति को घनो मे बाटकर सरलीकृत कर अप्राकतिक कर दिया जबकि मनोहर कौल की मान्यता इसके विपरीत है। वह प्रकृति के स्वरूप को विकत न कर प्रत्यक्ष सौदर्य को हूबहू पट पर समेटते है।[11] उनके द्वारा चित्रित प्रकति मे कलाकार का सृजन यथार्थ से साम्य रखता हुआ प्रस्तुतीकरण मे स्पष्ट अन्तर दशाता है। परिणामत समय–समय पर इनकी शैली मे भी परिवतन हाता रहा है। कलाकार की रचना शैली का अध्ययन करने के लिये इसे दो भागो मे बाट लेते है। 1 आरभिक शैली 2 परवर्ती शैली।

(अ) आरम्भिक शैली

मनोहर कौल के व्यक्तिगत रूप से चित्रण का प्रारम्भ 1947–48 से होता है जब उन्होने अपने चित्रो मे काश्मीर के स्वर्गिक सौदर्य को पट पर साकार किया। इनके प्रारम्भिक चित्र इस बात का प्रमाण है कि उन्होने आन्तरिक सौदर्य की अभिव्यक्ति हेतु वाह्य सौदय को नकारा नही है। जिस प्रकार आत्मा की सुरक्षा हेतु शरीर से भी मोह हो जाता है उसी प्रकार प्रकति की आत्मा को पढ कर साकार करने के लिये उन्होने वाह्य यथार्थ को भी समान महत्व दिया है। यही कारण है कि उनके चित्र आत्मीय और ऐन्द्रिक दोनो रूपो से सयुक्त हैं। आत्मीय रूप को महत्व देने के कारण इनकी शैली अभिव्यक्ति पूर्ण और ऐन्द्रिक रूप को महत्व देने के कारण इनकी शैली यथार्थवादी बन जाती है।

पशु पक्षियो का अकन भी प्रतीकात्मक महत्व को आधार पर इन चित्रो मे दिखायी देता है। पक्षियो मे सर्वाधिक महत्व 'तोते' का दिया जाता है। विवाह से सबधित लोक–चित्रो मे इसको बहुत मान्यता दी गयी है। धूल्यर्घ की चौकी वर की चौकी ज्यूति अकन के साथ बनाये गये वट–वृक्ष के ऊपर व नीचे की ओर इनका अकन देखने को मिलता है। विवाह के निमत्रण का एक सस्कार गीत 'तोत' पर आधारित है। अत निमत्रण के प्रतीक रूप के साथ–साथ हरीभरी डाली व फलो से लदे वृक्षो के साथ जीवन की खुशहाली की अभिव्यजना के रूप मे भी यह अभिप्राय अकित किया जाता है।

कही–कही मोर का अकन खष्टी चौकी मे कार्तिकेय की पत्नी के वाहन के रूप मे देखने को मिलता है। पशुओ मे हाथी का अकन लक्ष्मी के साथ हुआ है। अन्य पशुओ मे भैंसे का यमराज के साथ गायो का कृष्ण–लीला व गोवर्धन पटट मे घोडो का वट सावित्री पटट मे बारात के दृश्य के साथ कथानुरूप देखने को मिलता है। वाहन रूप मे नदी बैल का शिव के साथ तथा चूहे का गणेश जी के साथ अकन किया गया है।

कुमाऊ मे धर्म के प्रति अगाध श्रद्धा रही है। प्राय लोक–चित्रो का अकन धार्मिक आस्थाओ से युक्त है। प्रतिदिन पूजा–करने व्रत–उपासना सस्कारो और पर्वो आदि से जुडे रहने के कारण यहा के लोगो के कर्म और पूजा पद्धति आदि अनुष्ठानो द्वारा सम्पन्न होते है और अनुष्ठान का सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा ये लोक चित्र ही होते है। कही देवी–देवताओ की प्रतिमूर्ति तो कही प्रतीको को

कुमायू लोक कला अभिप्राय

निकल घुइया। इससे लाक मानस की यह मनोभावना स्पष्ट होती हे कि सुख–सम्पन्नता के लिये धन की देवी लक्ष्मी की पूजा–अचना कर उसे प्रसन्न किया जाता हे व घुइया अर्थात अलक्ष्मी का अनादर कर घर से बाहर धकेल दिया जाता है। जब यही भावना लोक धरातल पर व्याप्त होती है तो सभी की समान अनुभूति सामाजिक स्तर पर सामान्य जन को मानसिक रूप से एक दूसरे को जोडने मे सहायक होती है। सभी मिलजुल कर इन अनुभूतियो को एक मे बाटते हे। परिणामस्वरूप राष्ट्रीय चरित्र को बल मिलता है। लोककला मे अकित ये अभिप्राय अपने मे गूढ शक्ति समेटे होते है। इस को

अकित कर अपनी–अपनी मनोकामना पूर्ण करने की दृष्टि से पूजा करते है। देवी–देवताओ के अकन मे शेषशायी विष्णु पटट मे विष्णु लक्ष्मी मे ब्रह्मा का सृष्टि के प्रतीक रूप का अकन होता है। यह अकन विशेष रूप से एकादशी के दिन किया जाता है। पुराणो मे उल्लेख मिलता है कि भगवान विष्णु इस दिन से चार मास तक क्षीर–सागर मे शयन करते है तथा कार्तिक एकादशी अर्थात हरि प्रवोधिनी एकादशी के दिन निद्रात्याग करते हैं। इन चार मासो मे विवाह आदि कोई भी शुभ कार्य नही किया जाता है।

दीवाली पर्व पर विशेषकर लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। उनकी पूजा हेतु मूर्ति बनायी जाती है व कॉसे की थाली मे विचार मे लक्ष्मी जी का चिगालन किया जाता है दोनो तरफ हाथी बनाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त रसोई–घर की दीवार पर गेरू लीप कर विस्तार से भी लक्ष्मी–नारायण अकित किये जाते है क्योकि लक्ष्मी को धन–धान्य की देवी अर्थात अन्नपूर्णा माना जाता है। ज्यूति अकन मे तीन देवियो की आकृतिया बनायी जाती है उसमे से एक लक्ष्मी तथा अन्य सरस्वती व काली का अकन होता है।

हरबोधनी एकादशी के दिन कुमाऊ मे बूढी दीवाली नामक पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूप मे अन्दर के हिस्से पर लक्ष्मी–नारायण अथवा' गणेश –सिद्धि की तथा बाहरी हिस्से पर घुइया' की आकृति बनायी जाती है। लक्ष्मी धन का तथा घुइया दरिद्रता के प्रतीक रूप मे अकित किये जाते हैं। सूप मे बनी घुइया की आकृति को पीटते हुये यह उक्ति बोली जाती है आओ लक्ष्मी बैठो नारायण

नकारा नही जा सकता। देवी–देवीताओ के अन्य रूपो मे 'गणेश' की आकृति भी महत्पूर्ण होती है। किसी भी कार्य को प्रारभ करने मे 'गणपति' की आराधना सर्वप्रथम करने की मान्यता प्राप्त है। इसी नाते कहा भी जाता है कि कार्य का श्री गणेश करे' अर्थात प्रारम्भ करे। गणपति बुद्धि–ज्ञान और कार्य को सफल करने के प्रतीक रूप मे पूजे जाते है। इसीलिये हर शुभ कार्य मे गणेश जी की आकृति अकित की जाती है ताकि कार्य भली–भाति पूर्ण हो जाय। ज्यूति अकन गगा–दशहरा पत्र बूढी दीवाली के सूप मे बिरूडाष्टमी पट्ट वट–सावित्री पट्ट कृष्ण जन्माष्टमी पट्ट दुर्गास्थापना आदि सभी मे इसका अकन देखने को मिलता है।

कुमाऊ मे दुर्गा–पूजा को बहुत महत्व दिया जाता है। दुर्गाअष्टमी पर दुर्गा थापा' अकित किया जाता है। इस पट्ट मे कुमाऊ के लोक देवी–देवताओ जैसे आदि के साथ बर्मी उजियारी देवी भोलानाथ गोलानाथ (भैरव) गणेश–सिद्धि लक्ष्मी–पत्र चन्द्रमा सूर्य सुसारिंग नौमुण्डा देवी सिहवाहिनी देवी भैरव यत्र व नव दुर्गा आदि की आकृतिया बनी होती है। दुर्गा को शक्ति का पर्याय कहा जाता है। बुराई व अन्याय पर विजय प्राप्त करने की शक्ति देने वाली दुर्गा से शक्ति व सामर्थ्य के साथ महिलाये अपने अटल सुहाग की कामना की दृष्टि से पूजा करती हैं।

देवी–पूजा हेतु नवदुर्गा के प्रतीक रूप मे नैव–स्वास्त नामक ऐपण अकित करने का विशेष प्रयन्त है। इन स्वास्ताओ को कुमाऊ मे खोडिया कहा जाता है। कृष्ण–जन्माष्टमी के पर्व पर कृष्ण जन्माष्टमी का पट्ट अकित किया जाता है। भारतीय पुराख्यानो के

अनुसार यह अवधारणा मान्य है कि जब–जब धर्म की हानि होती हे इश्वर एक नया रूप धर कर पृथ्वी पर जन कल्याण की भावना स अवतरित होते है। इसी क्रम मे कृष्ण का जन्म महान पर्व का रूप लकर उभरा/कसरूपी बुराइयो व अत्याचारो का विनाश करन सबधी मनोकामना करते हुये लोग कृष्ण की धूम–धाम से पूजा करते हे। उनके जन्म की कथाओ को अकित करत ह। क्योकि उनका जन्म हुआ ही लोक कल्याण की भावना से था। समस्त कथा लाक–मानस की भावनाओ से युक्त अभिप्राया को अकित करती ह।

शिव–पार्वती की पूजा कुमाऊ मे अत्यन्त श्रद्धा से की जाती है। हरेला पर्व पर विराट विश्व के माता–पिता के रूप मे प्राण सृष्टि के प्रतीक रूप मे इनकी अर्चना की जाती है। शिव की परिवार सहित मूर्ति बनाकर पूजा की जाती है। पार्थिव पूजा सन्तति व धन–सम्पत्ति की कामना से की जाती है जिसमे शिव–लिग बनाकर उनकी पूजा की जाती हे। शिव का लिग विग्रह प्राण सृष्टि का रूप हे और उमा महेश्वर मैथुनी सृष्टि से जिससे स्कन्द रूप कुमार जन्म लेता है। अर्द्धनारीश्वर का अभिप्राय मिथुन का ही प्रतीक रूप है।

शिव की मत्रो के आधार पर पूजा–हेतु शिव–पीठ अकित की जाती है। कुमाऊ मे यह आठ–बूद बारह–बूद आदि के मापदण्ड पर अकित की जाती है।

इस प्रकार मगल व सुरक्षा की भावना से किये जाने वाले अनुष्ठान या अकन प्रागैतिहासिक काल से अभी तक भारतवासी बनाते आ रहे है। इनमे अकित अभिप्राय शैली व निरूपण मे भिन्न होते हुये भी उद्देश्य के आधार पर समानता लिये होते है जिससे भारत–भूमि की सामूहिक लोक–भावना का ऐक्य स्पष्ट दिखायी देता है।

धार्मिक प्रतीको से सबधित अभिप्राय कुमाऊनी लोक जीवन की आस्था को उजागर करने मे सहायक होते है। कुमाऊ मे पूजा–अर्चना के समय शख घट (घटी) धुपैड (दीपक) आरती (आरती की थाली) और कलश आदि को प्रधानता दी जाती है। यह सभी अभिप्राय यहा के लोकचित्रो मे देखे जा सकते है। सूर्य दर्शन की चौकी धूलि अर्ध भी चौकी व पिछौड आदि मे इनका अकन मिलता है। कलश (गड्डुआ) की आकृति को विवाहोत्सव पर शुभ व शकुन की भावना से निहित किया जाता है। पिथौरागढ मे विवाह के अवसर पर द्वार लेखन मे कलश को प्रमुख स्थान दिया गया है।

कलश एक प्रकार से पूर्णघट का प्रतीक स्वरूप है। जिसे फूल–पत्तियो से सजाया जाता है। यह सुख सम्पत्ति व जीवन की पूर्णता का प्रतीक है। घडे मे भरा जल जीवन या प्राणरूपी रस के समान होता है। ऋग्वेद मे भी पूर्णघट का उल्लेख मिलता है जिसमे अमृत भरा होता है। इसे ब्रह्मा विष्णु व महेश का प्रतीक रूप भी माना जाता है जिसके पृष्ठ मे सृष्टि विकास और मगल की भावना निहित है।

'स्वस्तिक का अकन हर शुभ कार्य मे किया जाता है। भारतीय कला मे उल्लिखित वासुदेव शरण अग्रवाल के कथनानुसार यह स्वस्तिक चार दिशाओ मे व्याप्त विश्व–मण्डल के चतुर्भज रूप का प्रतीक सूय से सबधित हे यह मण्डल प्राची दक्षिण प्रतीची और उदीची दिशाओ स बना हुआ ह। सूय उसका मध्य ह। इन दिशाओ के विकास स स्वस्तिक बनता ह यह मानव और विश्व का सर्वोत्तम मागलिक चिन्ह हे। चार दिशाओ की मान्यता या चार लोकपालो की पूजा के रूप म स्वस्तिक की पूजा का विकास हुआ ह। ऋग्वेद म पूव पश्चिम उत्तर दक्षिण आदि चार दिशाओ का उल्लेख मिलता ह अग्नि इन्द्र वरुण आर साम य चार दवता ह इन चार दिशाओ क अधिपति थ किन्तु लाक कम की मान्यता म परिवतन क साथ चार दिशाओ के चार लाकपाल माने जाने लग। व ही चतुभुज हाराजिक देव कहलाए। स्वस्तिक को चतुष्पाद ब्रह्मा का भी उपलक्षण कह सकते ह। अथात यह चतुर्भुज ब्रह्मा का वह रूप हे जो विश्व का प्रजापति ओर विधान करने वाला है। स्वस्तिक की यह लोक मान्यता मगल भावना स उदभूत हो लाक अभिप्राय के रूप म लाक चित्रो म स्वत ही उभर कर आ गयी।

अन्य अभिप्रायो मे त्रिभुज का अकन महत्वपूण रूप से लिया जा सकता है। त्रिभुज का अकन कही पवत तो कही शिव शक्ति के प्रतीक के रूप मे हुआ है। लक्ष्मी यत्र बिन्दु शिव–यत्र आदि मे इसका प्रयोग देखा जा सकता हे। बिन्दु का ब्रह्माण्ड के प्रतीक रूप मे तथा अलकरणात्मक दृष्टि से भी अकित किया गया हे। बिन्दुओ का प्रयोग यहा शिव–पीठ जनेऊ आदि एपणो व बूँद–बूँद आदि के अकन की नीव के रूप मे हे। रखाये इन लोक चित्रो की प्रमुख आधार है। देहली सीढी व दीवारो पर तथा यज्ञ–वेदी पर गेरू लीप पर विस्तार से डाले जाने वाले वसुधारे तो रेखात्मक रूप मे ही अकित किये जाते है।

वास्तुगत आकारो जैसे महल मदिर घर आदि का अकन इन

स्यो कुमायू लोक कला अभिप्राय

घुइयाँ कुमायू लोक कला अभिप्राय

चित्रो मे देखा जा सकता है तथा चित्रो की पृष्ठभूमि मे कही देवी–देवताओ की आकृति के चारो ओर मदिर के आकारो का अकन किया जाता है। ज्यूति मे अकित जीवन मातृकाओ के अकन के चारो ओर खिडकी को बेल रूप मे अकित किया गया है। जिससे यहा की महिलाए छाजी बेल कहती है।

परिधान अथवा वेशभूषा भी लोकाभिप्रायो का महत्वपूर्ण अग होते है। विशेष रूप से कुमाऊ की सस्कृति क`परिचायक रूप मे परिधान का अलग ही महत्व है। कुमाऊनी लोक चित्रो मे अकित देवियो को कुमाऊनी महिलाओ की वेशभूषा के रूप मे भी प्राय सुसज्जित किया गया है। लहगा पिछौडा सर पर मुकुट नाक मे बडी सी नथ कानो मे झुमकिया माथे पर बिन्दी आदि को ज्यूति दुर्गाथापा पट्ट आदि मे अकित देवियो की आकृतियो को पहने हुये देखा जा सकता है। विवाहोत्सव पर बनाये जाने वाले समधी–समधन को भी कुमाऊनी वेशभूषा मे ही सुसज्जित किया जाता है। पुरुष आकृति को धोती कुर्ता आदि मे देखा जा सकता है।

लोक भ्रम व विश्वास भी यहा की कला व पूजा मे अभिप्राय रूप मे अकित हो जाते है। जैसे भोलानाथ आदि ग्राम देवता भूत के रूप मे न चिपट जाये इसलिए उसकी मूर्ति या आकृति बनाकर पूजा की जाती है। दुर्गा थापा मे भोलानाथ नामक देवता का अकन किया जाता है। जागर भी ग्राम देवताओ या कुल देवी देवताओ की उपासना व उसमे आस्था का ही परिणाम है।

मकर सक्राति के दिन धुधुतिया फूल नामक पर्व लोक विश्वासो पर आधारित है। ऑटे और गुड के सम्मिश्रण से विभिन्न आकारो के पकवान बनाकर उन्हे माला मे गूथ कर प्रात कौवे को खिलाते है। फिर उसस जिस वस्तु की कामना हो उससे मॉगी जाती है। उदाहरणार्थ कुमारी कन्याये पकवान के इन फूला को कोवे को देकर कहती है ले कोवा फूलो मै कन दिये भल दुल्हो अथात ऐ कोवे तू फल खा और इसके बदले मे मुझे अच्छा दुल्हा दे। ऐसे विश्वासो से लोक पर्व विरूडाष्टमी वट सावित्री पार्थिव पूजा आदि आते है। हरैला और फूदेई आदि भी कुमाऊ के महत्वपूर्ण लोक पर्वों मे आते हे दोनो ही ण्व सुख–समृद्धि व सभ्यता आदि की कामना पर आधारित है। हदैला कक सक्रान्ति को मनाया जाने वाला पर्व है। यह पर्व कृषि से सबधित है तथा शिव–पार्वती की आराधना इस पव पर विशेष रूप से की जाती है। मिटटी से बनाये शिव–पार्वती ओर उनके परिवार से युक्त मूर्तियो को डिकारे कहा जाता है। पूजा के निर्मित सृष्टि के प्रतीक रूप मे इन डिकारो की पूजा की जाती है और मक्का गहत जौ लाई आदि मिटटी मे बोकर उनकी पूजा की जाती है। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि हमारे फसलो की रक्षा करना व सुख समृद्धि बनाये रखना।

नव सवत्सर के आगमन का पर्व फूलदेई है। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा को सृष्टि का आरभ हुआ मानते है। कुमाऊ –गढवाल मे इस दिन को फूल सक्रान्ति या फूल देवी के नाम से मनाया जाता है। देई का अर्थ यहा देहली से होता है। देहली पूजना हमारी सस्कृति का महत्वपूर्ण अग माना जाता है। यह घर मे प्रवेश का प्रारम्भिक स्थल होता है। देहली ऐपण अकित कर देहली पूजते हैं कि घर मे नव–वर्ष खुशहाली के रूप मे प्रवेश करे। इसी कामना से इस उत्सव को मनाया जाता है। देहली पर पुष्प चढाते समय यह गीत गाया जाता है फूलदेई छम्मादेई भर भखार दैणी द्वार अर्थात फूलदेई क्षमाशील देहली भडार भर जाय द्वार दक्षिण (कृपाल) हो।

लोक मे प्रचलित विशिष्ट नाम भी यहा की लोक कला के अभिप्रायो मे सम्मिलित हो जाते है। जेसे अलक्ष्मी के लिये प्रयुक्त घुइया' पर भिगोये जाने वाले पाच – सात प्रकार के अनाज बिरुडे कहे जाते हैं। दुर्गा पट्ट को दुर्गाथापा स्वस्तिक को खोडिया लोक आलेखनो के लिये प्रयुक्त शब्द ऐपण है। कलश के लिये गुड्डुआ जीवन मातृकाओ के लिये ज्यूँति बसुधरो को धडे भी कहा जाता है। इनके अतिरिक्त मुवाली जनेऊ जनेऊ–छापरी वर–बूद हिमाचल लक्ष्मी–पौ कुकुडी–माकुडी धूल्यर्घ की चौक नीबू बिखोती चैतुआ नाता–बधन आदि यहा के स्थानीय नाम है। जो भिन्न–भिन्न आलेखनो के लिये प्रयुक्त किये जाते हैं। इस प्रकार कुमाउनी लोक कला मे अभिव्यक्त अभिप्रायो के सदर्भ मे इतना अवश्य कहा जाता है कि ईश्वर मे आशा सुरक्षा की भावना सामाजिक रीति–रिवाज सस्कृति परम्परा जाति व धर्म लोक साहित्य भाषा आदि का प्राकृतिक पर्यावरण आदि के सपुजन से इनका जन्म हुआ है। कुमाऊ विशेष के लोक मानस का विश्लेषण इनसे सहज सभव हो पाता है। सामाजिक और राष्ट्रीय धरातल पर विश्वास अथवा आस्थाये मात्र कलाभिरूप नही है वरन देश की एकता व विकास के मूलभूत अग भी है।

चित्र साभार – डॉ कष्णा बैराठी (लेखिका)

सयोजन (नेचर) 2000 तैल रग 30 x 40 अवधेश मिश्र

घुइयॉ कुमायू लोक कला अभिप्राय

चित्रो मे देखा जा सकता है तथा चित्रो की पृष्ठभूमि मे कही देवी–देवताओ की आकृति के चारो ओर मदिर के आकारो का अकन किया जाता है। ज्यूति मे अकित जीवन मातृकाओ के अकन के चारो ओर खिडकी को बेल रूप मे अकित किया गया है। जिससे यहा की महिलाए छाजी बेल कहती है।

परिधान अथवा वेशभूषा भी लोकाभिप्रायो का महत्वपूर्ण अग होते है। विशेष रूप से कुमाऊ की सस्कृति क परिचायक रुप मे परिधान का अलग ही महत्व है। कुमाऊनी लोक चित्रो मे अकित देवियो को कुमाऊनी महिलाओ की वेशभूषा के रूप मे भी प्राय सुसज्जित किया गया है। लहगा पिछौडा सर पर मुकुट नाक मे बडी सी नथ कानो मे झुमकिया माथे पर बिन्दी आदि को ज्यूति दुर्गाथापा पट्ट आदि मे अकित देवियो की आकृतियो को पहने हुये देखा जा सकता है। विवाहोत्सव पर बनाये जाने वाले समधी–समधन को भी कुमाऊनी वेशभूषा मे ही सुसज्जित किया जाता है। पुरुष आकृति को धोती कुर्ता आदि मे देखा जा सकता है।

लोक भ्रम व विश्वास भी यहा की कला व पूजा मे अभिप्राय रूप मे अकित हो जाते है। जैसे भोलानाथ आदि ग्राम देवता भूत के रूप मे न चिपट जाये इसलिए उसकी मूर्ति या आकृति बनाकर पूजा की जाती है। दुर्गा थापा मे भोलानाथ नामक देवता का अकन किया जाता है। जागर' भी ग्राम देवताओ या कुल देवी देवताओ की उपासना व उसमे आस्था का ही परिणाम है।

मकर सक्राति के दिन धुधुतिया फूल नामक पर्व लोक विश्वासो पर आधारित है। आटे और गुड के सम्मिश्रण से विभिन्न आकारो के पकवान बनाकर उन्हे माला मे गूथ कर प्रात कौवे को खिलाते है। फिर उससे जिस वस्तु की कामना हो उससे मॉगी जाती है। उदाहरणाथ कुमारी कन्याये पकवान के इन फूलो को कौवे को देकर कहती है ले कौवा फूलो मै कन दिये भल दुल्हो अर्थात ऐ कौवे तू फल खा और इसक बदले मे मुझे अच्छा दुल्हा दे। ऐसे विश्वासो से लोक पर्व विरूडाष्टमी वट सावित्री पार्थिव पूजा आदि आते है। हरैला और फूदेई आदि भी कुमाऊ के महत्वपूर्ण लोक पर्वों मे आते हे दोनो ही पर्व सुख–समृद्धि व सभ्यता आदि की कामना पर आधारित है। हदैला कर्क सक्रान्ति को मनाया जाने वाला पर्व है। यह पव कृषि से सबधित है तथा शिव–पार्वती की आराधना इस पर्व पर विशेष रूप से की जाती है। मिटटी से बनाये शिव–पार्वती ओर उनके परिवार से युक्त मूर्तियो को डिकारे कहा जाता है। पूजा के निर्मित सृष्टि के प्रतीक रूप मे इन डिकारो की पूजा की जाती है और मक्का गहत जौ लाई आदि मिटटी मे बोकर उनकी पूजा की जाती है। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि हमारे फसलो की रक्षा करना व सुख समृद्धि बनाये रखना।

नव सवत्सर के आगमन का पर्व फूलदेई है। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा को सृष्टि का आरभ हुआ मानते है। कुमाऊ –गढवाल मे इस दिन को फूल सक्रान्ति या फूल देवी के नाम से मनाया जाता है। देई का अर्थ यहा देहली से होता है। देहली पूजना हमारी सस्कृति का महत्वपूर्ण अग माना जाता है। यह घर मे प्रवेश का प्रारम्भिक स्थल होता है। देहली ऐपण अकित कर देहली पूजते हैं कि घर मे नव–वर्ष खुशहाली के रूप मे प्रवेश करे। इसी कामना से इस उत्सव को मनाया जाता है। देहली पर पुष्प चढाते समय यह गीत गाया जाता है फूलदेई छम्मादेई भर भखार दैणी द्वार अर्थात फूलदेई क्षमाशील देहली भडार भर जाय द्वार दक्षिण (कृपाल) हो।

लोक मे प्रचलित विशिष्ट नाम भी यहा की लोक कला के अभिप्रायो मे सम्मिलित हो जाते है। जेसे अलक्ष्मी के लिये प्रयुक्त घुइया' पर भिगोये जाने वाले पाच – सात प्रकार के अनाज बिरुडे कहे जाते हैं। दुर्गा पट्ट को दुर्गाथापा स्वस्तिक को खोडिया लोक आलेखनो के लिये प्रयुक्त शब्द ऐपण है। कलश के लिये गुडुआ जीवन मातृकाओ के लिये ज्यूॅति बसुधरो को धडे भी कहा जाता है। इनके अतिरिक्त मुवाली जनेऊ जनेऊ–छापरी वर–बूद हिमाचल लक्ष्मी–पौ कुकुडी–माकुडी धूल्यर्घ की चौक नीबू, बिखोती चैतुआ नाता–बधन आदि यहा के स्थानीय नाम हैं। जो भिन्न–भिन्न आलेखनो के लिये प्रयुक्त किये जाते है। इस प्रकार कुमाउनी लोक कला मे अभिव्यक्त अभिप्रायो के सदर्भ मे इतना अवश्य कहा जाता है कि ईश्वर मे आशा सुरक्षा की भावना सामाजिक रीति–रिवाज सस्कृति परम्परा जाति व धर्म लोक साहित्य भाषा आदि का प्राकृतिक पर्यावरण आदि के सपुजन से इनका जन्म हुआ है। कुमाऊ विशेष के लोक मानस का विश्लेषण इनसे सहज सभव हो पाता है। सामाजिक और राष्ट्रीय धरातल पर विश्वास अथवा आस्थाये मात्र कलाभिरूप नही हैं वरन देश की एकता व विकास के मूलभूत अग भी है।

चित्र साभार – डॉ कष्णा बैराठी (लेखिका)

सयोजन (नेचर) 2000 तेल रग 30 x 40 अवधेश मिश्र

लखनऊ के सैरां चित्रकार

अवधेश मिश्र *

स्वप्न अभियास जल रग 90 x 70 सेमी आर बी सेठ

समकालीन कला के राष्ट्रीय/अतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य मे लखनऊ की भूमिका सदैव उल्लेखनीय रही है। इसका कारण यहाँ की सशक्त कलात्मक पृष्ठभूमि है जो इन्डो–इस्लामिक इमारतो मिटटी के खिलौनो और लोक कलाओ मे स्पष्ट रूप से दृष्टव्य है। लखनऊ के नवाबो के कला–प्रेम को भी आज के कलात्मक समृद्धि से जोडा जा सकता है। उनके पहनावो प्रयुक्त सामग्रियो आदि के मोटिफ अति सूक्ष्म धैर्यपूर्ण कार्य तथा छवि चित्रण करवाने का शोक जो चौक इलाके मे पिक्चर गैलरी मे सग्रहीत चित्रो मे देखा जा सकता है आदि कलात्मक परिवेश के उल्लेखनीय उदाहरण है।

नवाबो के शहर लखनऊ मे उन्नीसवी सदी के अत तक यदि शिल्पकारिता को कला से अलग करे तो दृश्य कला मे कोई उल्लेखनीय कार्य होने का उदाहरण नही प्राप्त होता फिर भी अपभ्रश/कम्पनी शैली का प्रमुख केन्द्र अवध होने के कारण रेजीडेसी म्यूजियम पुरातत्व सगठन या व्यक्तिगत सग्रहो के उदाहरणो से कमोवेश कुछ काय होने की पुष्टि होती हे। बीसवी सदी क आरभ मे कला/शिल्प के प्रति जागरूकता बढी और सदी के दूसरे दशक मे कला विद्यालय (सम्प्रति–कला एव शिल्प महाविद्यालय लखनऊ) की स्थापना होने से लखनऊ महत्वपूर्ण हो गया। यहा से प्रशिक्षित कलाकार देश–विदेश मे स्थापित हो अपनी रचनाधर्मिता व कृतियो मे लखनऊ की विशिष्ट छाप के कारण दृश्य कला क्षेत्र मे लखनऊ को प्रकाश मे लाए।

हालाकि लखनऊ मे विभिन्न धाराओ मे कला–विकास हुआ और आज तक उन धाराओ का प्रतिनिधित्व हाता आ रहा है पर कला विद्यालय के पहले प्रधानाचार्य नेथेनियल हड रॉयल एकेडमी आफ फाइन आर्ट लदन से प्रशिक्षित ललित मोहन सेन तथा कलाचार्य बिरेश्वर सेन द्वारा पोषित अकादमिक शैली की उपधारा के रूप म भू–दृश्य चित्रकारी विकसित हुई जिसका लखनऊ की चित्रकला मे विशेष महत्व है। आरभिक दौर मे पश्चिमी कला

* कलाकार/कला समीक्षक स्टूडियो – 12/179 इदिरा नगर लखनऊ – 226016

ग्राम्य दृश्य – लिनोकट ललित मोहन सेन

माउण्टेन – जल रग 6 x 9 सेमी बीरेश्वर सेन

पेटिग – जल रग 38 x 28 सेमी एच एल मेढ

प्रशिक्षण स्वरूप के अनुरूप ही अकादमिक शैली मे छवि चित्रण (पोर्टेट) मॉडल स्टडी ओर लैड–स्केप पेटिग की शुरुआत हुई पर समकालीन कला के प्रभाव मे आने से सृजनात्मक पक्ष मजबूत हुआ और प्रयोग भी होने लगे।

चूकि कला अध्ययन के प्रायोगिक पक्ष मे निसग स सामजस्य आवश्यक होता है और उसका प्रत्यक्ष/परोक्ष तथा दूरगामी परिणाम स्वाभाविक है अत प्रकृति क रहस्यो वर्णाकारो स्पदनशील परिवर्तन व प्रतिक्रियाओ का गहन अध्ययन कला मे सजीवता लाने के लिए अति आवश्यक होता है। इस कारण प्राथमिक दोर का स्वाभाविक/यथार्थ अध्ययन अपने निजत्व सृजनात्मकता व अनुभवो के कारण अमूर्तनोन्मुख व प्रयोगात्मक अधिक होने लगे। आज समकालीन कला जगत मे हो रहे प्रतिनिधित्व मे अधिसख्य भू–दृश्य चित्रकारी से जुडे कलाकारो ने ही अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न रूपो मे अपनी पहचान बनायी है।

लखनऊ मे भू–दृश्य चित्रकारी की नीव दूसरे दशक मे ही पड चुकी थी और इस धारा को आगे बढाने के लिए कलाकार आगे आते गए। इसके सबसे बडे केन्द्र के रूप मे कला महाविद्यालय तो था ही इसके अतिरिक्त हजरतगज और पुराने लखनऊ के एक–दो कलाकारो का नाम इस सबध मे लिया जाता है। शमी उज्जमा एक नाम उल्लेखनीय है जिन्हे कला का कोई औपचारिक प्रशिक्षण नही मिला था पर जब भी लैड–स्केप पेटिग का जिक्र किया जाय तो सर्वप्रथम बिरेश्वर सेन का नाम उल्लेख करना समीचीन होगा। आज लखनऊ के कला परिदृश्य को अतर्राष्ट्रीय परिवेश से जोडने का मुख्य श्रेय जिन कलाकारो को जाता है वे विरेश्वर सेन का नाम अपने साथ जोडने मे गर्व का अनुभव करते है।

हालाकि ललित मोहन सेन ने छवि चित्रण के अतिरिक्त दृश्य चित्रकारी मे काफी रुचि दिखायी। उनके उपलब्ध चित्रो मे वर्ण–योजना तूलिका–सघात परिप्रेक्ष्य आदि का परिपक्व प्रयोग उनकी दक्षता और एक पैनी दृष्टि को प्रमाणित करता है पर पाश्चात्य प्रभाव उन पर अधिक हे। सेन साहब ने ग्लोबलाइजेशन को महत्व दिया है और कला प्रशिक्षण का एक स्तर निर्धारित करने मे रुचि दिखायी जिसका सामाजिक प्रभाव समकालीन कला मे दृष्टव्य है। छाया–प्रकाश का प्रभाव सतुलन व छोटे–छोटे स्ट्रोक मे कार्य करने की प्रवृत्ति लिनोकट से लेकर लैडस्केप तक थी।

एल एम सेन के उपरान्त विरेश्वर सेन का नाम इस धारा के प्रणेता के रूप मे उभर कर आता है और लघु चित्रण के माध्यम से दृश्य चित्रकारी को जो महत्व दिलाया वह अविस्मरणीय है। सेन जी ने प्रकृति के विस्तार व मौलिकता को कागज के छोटे से फ्रेम मे कैद किया। विजिटिग कार्ड और पोस्टकार्ड आकार मे चित्रण करते हुए उसके डिटेलिग का पूरा ध्यान रखा। स्वाभाविक चित्रण करते हुए परिप्रेक्ष्य अग्रभूमि आदि को समुचित महत्व दिया। प्राकृतिक दृश्यो मे मानवाकृतियो का प्रयोग भी इस तरह किया है कि सयोजन मे आकारो के सामजस्य मे कोई प्रतिकूल प्रभाव न उत्पन्न हो। माध्यम के रूप मे जलरग प्रमुख माध्यम रहा पर कही–कही अपारदर्शी रगो का प्रयोग भी हुआ है। राज्य ललित कला अकादमी उ प्र राष्ट्रीय

अनुनिक कला संग्रहालय नइ दिल्ली तथा दश के अनक संग्रहालय न इनक के चित्र उपलब्ध ह।

कुछ चित्रकार इस तरह भी इस धारा का प्रतिनिधित्व किए जा स्वतंत्र रूप न दृश्य चित्रो का महत्व नही दिए पर अपन सयोजन म भरपूर प्रयोग किया। इनमे हरिहर लाल मढ का नाम प्रमुख हे। मेढ जी न प्रय सयोजन म परिप्रक्ष्य दर्शाने क लिए दृश्यो का प्रयोग किया हालाकि स्वतत्र रूप म किए गए दृश्य चित्रो का अपना महत्व हे इनम पहाडी दृश्यो बादलो आदि के ट्रीटमेट से इसक गहन अध्ययन का अनुमान लगाया जा सकता है। कही–कही बादलो क पीछ (बदली म) से सूय क प्रकाश का एक वक्र रेखा जेसा प्रभाव अति आकषण प्रदान करता ह।

मघदूत शृखला मे मेढ जी ने यक्ष/दक्षिणी के साथ सयोजन मे दृश्य व बादलो का भरपूर अकन किया है। जलरग (वाश) मे रची गइ इस शृखला म डिटेल–फिनिशिग/अति यथार्थता दर्शायी गइ हे। स्वतत्र दृश्य चित्रो मे भी जल माध्यम की मोलिकता का अति सतुलित व धेयपूर्ण किए गए कार्यों की श्रेणी मे रख सकते है।

हरिहर लाल मेढ आदि कलाकार उस विशिष्ट श्रेणी के कलाकार थ जो शास्त्रीयता के अतर्गत किए गए कार्यों को महत्व देते थे पर मदन लाल नागर लखनऊ के उस महत्वपूर्ण श्रेणी के कलाकारो के लिए पायोनियर थे जो आज समकालीन कला जगत मे अहम स्थान रखते हे। मदन जी एक सिटी पेटर के रूप मे जाने गए ओर लखनऊ के ऐसे चेहरे को प्रस्तुत किया जो चक्करदार गलियो मेहराबो मदिरो इन्डो–इस्लामिक मेहराबो व इमारतो के मिले–जुले प्रभाव के साथ दृष्टव्य है। नागर जी ने कला क्षेत्र मे एक क्रान्ति लायी जिसे बिष्ट ने प्रतिनिधि के रूप मे आगे बढाया पर इन दानो के निजत्व व्यक्तित्व व कृतित्व मे काफी अतर था। नागर जी के लखनऊ चित्राकन मे अमूर्तनोन्मुखता विद्यमान थी सृजनशीलता थी पर प्रयोग प्रो बिष्ट जैसा नही था। नागर जी घुमावदार लोहे की चादरा के आकार की सकरी दीवारो इमारतो की प्राचीनता रहस्यमयता और पतन होते नवाबी साम्राज्य पर कटाक्ष जैसी वैचारिक पेटिग की। राष्ट्रीय आधुनिक कला सग्रहालय नई दिल्ली व राज्य ललित कला अकादमी उ प्र मे महत्वपूर्ण चित्र सग्रहीत हे।

नागर जी के प्रारभिक दौर मे किए गए कार्य जो छोटे–छोटे पैलेट नाइफ के स्ट्रोक द्वारा बनाए गए है अध्ययन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। इनमे अकादमिक शैली के पुराने और प्रयोगात्मक स्वरूप मे अतर देखा जा सकता है।

नित्यानद महापात्र जी ने भू– दृश्य चित्रकारी (सैरा चित्र) के उस शैली को आगे बढाया जो ललित मोहन सन विरेश्वर सेन द्वारा पोषित थी पर महापात्र जी की शैली मे काफी प्रभाव उडीसा और बगाल के (रमेन चक्रवर्ती मुकुल डे ओ सी गागुली एम डी टाली तथा गगनेन्द्रनाथ ठाकुर) कलाकारो/स्कूल का देखा जा सकता है। इसमे बहाव और पारदर्शिता तो उल्लखनीय है लेकिन वर्ण–विधान सदैव धुधला और वाश शैली से प्रभावित रहा। महापात्र जी के टेम्परा शैली के रगो मे जो चमक और ताजगी होती है वह दृश्य

फारमर इन फील्ड – तेल रग 42 x 35 सेमी मदन लाल नागर

पचमढी जल रग 11 x 15 इच आर एस धीर

हिमालया तैल रग 65 x 48 सेमी बी एल शाह

चित्रो मे नही। महापात्र जी न दा तरह स –स्वतत्र रूप मे ओर अपने सयोजनो/विषया के एक अ ा क रूप म दृश्या को अकित किया हे। इनमे वातावरण का प्रभाव भी उल्लखनीय हे जसे वर्षा कुहासा बदली धूप–छाव सूर्योदय–सूयास्त बसन्त फागुन आदि। प्रिय माध्यम जलरग आर पन/इक था पर तेल टम्परा पेस्टल आदि माध्यमो म भी काय किया हे।

महापात्र जी क समकालीन कलाकार प्रा रणवीर सिह बिष्ट का नाम इस कला धारा के सवाधिक सशक्त स्तम्भ क रूप मे लिया जाता हे। बिष्ट जी के साथ दो बिन्दु महत्वपूर्ण थे एक तो विरेश्वर सेन जी के शिष्य क रूप मे उनके द्वारा पोषित कलाधारा को नया आयाम देते हुए समकालीन कलाधारा मे एक स्थान दिलाया। दूसरे समकालीन कलाधारा के परिवतित होते परिदृश्य को गहनता से समझकर प्रयोगवादी कला को प्रोत्साहित किया और लखनऊ को महत्व दिलाया। विरेश्वर सेन ने विजिटिग कार्ड और पोस्टकार्ड आकार म ही निसग को बाधना चाहा। उनका प्रिय माध्यम भी जलरग ही था पर बिष्ट जी ने तैल माध्यम को जल की तरह ही प्रयोग कर भू–दृश्य चित्रकारी को एक दिशा दी। उन बधनो से मुक्त कराया जो भारतीय कला व्याकरण या पाश्चात्य अकादमिक शिक्षण स्वरूप के अतर्गत वर्चस्व बना रही थी। हिमालयन व ब्लू सीरीज बिष्ट जी की महत्वपूर्ण शृखलाए है जिनम पहाडी दृश्य क्षरण (कटान) शिलाखडो का स्वभाविक रूप से विखण्डन आदि का बहुत ही गतिमयता के प्रभाव के साथ अकित किया है। जल रग के लघु चित्रो की शृखला की प्रदर्शनी भी लखनऊ की सृष्टि आर्ट गेलरी मे लगा चुके थे जिसमे प्रयोगात्मक चित्रो को महत्व दिया गया था। बिष्ट जी के दृश्य चित्रा मे अकित शिलाखण्डो की कटान और उनके टेक्सचर तथा जल बहाव के मध्य बचे शिलावशेष का गहन अध्ययन दर्शनीय होता है। प्रिय वर्ण–योजना नीले रग की थी। कभी–कभी विरोधी रग पील को इतनी खूबसूरती से लगाते थे कि सम्पूर्ण चित्र का केन्द्र बिन्दु के रूप मे वह स्थान उभर कर आता था। अतिम समय मे अन्वान्टेड चाइल्ड और उसके पहले ब्लैक–पेजेज आफ द इडियन रिपब्लिक शृखलाए तैयार की। एक सैरा चित्रकार और आध ुनिक कला प्रणेता के रूप मे बिष्ट जी का योगदान कला जगत मे अविस्मरणीय रहेगा।

इस कला धारा के प्रतिनिधि के रूप मे विरेश्वर – सेन के मार्गदर्शन मे विशेषीकरण कर चुके योगेन्द्र नाथ योगी ने यथार्थता को समर्पित रचनाए की। जलरग एव एक्रेलिक माध्यम मे योगी जी ने दृश्य चित्रण किया। यात्राओ के दौरान त्वरित गति से किए गए सक्षिप्त रेखाकन को अपने स्टूडियो मे विधिवत वर्णाकार देते है।

माउण्टेन – एक्रेलिक 11 x 15 इच योगेन्द्र नाथ योगी

नहे सृजनात्मक चित्रो के द्वारा राष्ट्रीय स्तर क कलाकारा मे अपनी पठ रखत ह वही यागी जी दृश्य चित्रण मे सहजीकरण आर सुग्राह्यता का महत्व देते ह। योगी जी के समकालीन कलाकार प्रो बद्रीनाथ आर्य जिन्हे वाश चित्रण शैली के प्रमुख स्तम्भ के रूप मे जाना गया प्रारभिक कला यात्रा मे दृश्य चित्रण व रेखाकन द्वारा अपनी कला को एक धरातल दिया। प्रिय–माध्यम जल आर तल रहा। लखनऊ के विशिष्ट एतिहासिक स्थलो इमारतो का चित्र गामती म रात के प्रकाश का परावर्तन कुहासा बारिश आधी आदि के प्रभावो को दृश्य चित्रण और वाश चित्र के विषयो के साथ जोडा।

लखनऊ को ही कर्मस्थली बनाए सतीश चन्द्रा ने भू–दृश्यो पर अनगिनत कृतियॉ सृजित की। इनमे जहॉ सहजता और यथार्थता दृष्टव्य है वही प्रयागात्मक चित्र भी उल्लेखनीय है। जेठ बेसाख मे खतो मे आयी खुश्की चिलचिलाती धूप मे पौधो का रग हरे से पीला ओर भूरा आदि विषयो पर सराहनीय चित्राकन हुआ है। मनाली का जल रग म खरोच कर चित्रण देवदार के वृक्षो से छनकर आती धूप मैदाना/खेतो मे खरोचकर उत्पन्न प्रभावो के मध्य हवा मे झोको का प्रभाव वृक्षो का सुन्दर अकन आदि सतीश जी की सृजनशीलता प्रवृत्ति को पुष्ट करते है। जलरग मे भी अलग–अलग प्रभावो के साथ सतीश जी ने प्रयोग किए है। उल्लेखनीय है कि जिस तरह कलाचार्य विरेश्वर सेन और प्रो बिष्ट ने दृश्य चित्रण मे प्रयोगात्मक कार्य करते हुए कला जगत मे एक ऊचाई प्राप्त की उसी तरह सतीश चन्द्रा को भी लैड स्केप के पर्याय के रूप मे जाना जाता है। लखनऊ की अगली पीढी के कलाकारो मे राजीव मिश्र ने भू–दृश्य चित्रण मे अपनी दखल बनाई है। राजीव ने वाश चित्रण के प्रतिनिधि कलाकार के रूप मे कार्य करते हुए नये माध्यमो मे अनेक प्रयोग किए है जिसमे क्लाउड लैण्डस्केप ग्रेट पेटर आदि श्रृखलाओ की प्रदर्शनी भी आयोजित की है। एक्रेलिक मे बने लैडस्केप उल्लेखनीय है। डा शेफाली भटनागर अब लखनऊ को अपनी कर्मभूमि बना चुकी हें। लेखन के अतिरिक्त चित्रण मे भी अपनी पहचान रखती है। विषय के रूप मे पुष्प एव नैसर्गिक छटा को महत्व देती है। प्रिय माध्यम जल रग है। सम्प्रति मे अरशद अमीन अजीत सिह पकज सरोज रोली शुक्ला इस कला धारा के प्रतिनिधि कलाकार के रूप मे कार्य कर रहे है।

लखनऊ के सैरा चित्रकारो के इस क्रम मे उन कलाकारो का उल्लेख करना अति आवश्यक है जिनकी शिक्षा–दीक्षा लखनऊ के कला वातावरण मे हुई पर कर्मभूमि के रूप मे देश–विदेश के अन्य नगर रहे जहा वे लखनऊ मे विकसित इस कलाधारा का सुवास बिखेर रहे हैं।

सर्वप्रथम उल्लेखनीय है आर सी साथी का नाम जो अमेरिका मे स्थापित हो रचनारत है। साथी जी के दृश्य चित्रण मे काली रेखाओ द्वारा आकारो का अकन किया गया है तदुपरान्त उसमे सपाट रगो द्वारा एक सहजता का प्रभाव उत्पन्न किया है। ग्राम्य जीवन विषय और जल रग माध्यम विशेष रहा है। फ्रैक वैज्ली ने भी जल रग को ही प्रिय माध्यम के रूप मे प्रयोग किया। वाश चित्रण और दृश्य चित्रकारी मे उल्लेखनीय कार्य हैं। इनमे दृश्य चित्रण

लैण्डस्केप – तैल रग रणवीर सिह बिष्ट

लैण्डस्केप – तैल रग 92 x 106 सेमी सतीश चन्द्रा

लैण्डस्केप – एक्रेलिक 11 x 15 इच राजीव मिश्र

कुकरैल फारेस्ट 1996 जल रग 28 x 38 सेमी शेफाली भटनागर

लैण्डस्केप 1999 तैल रग 22 x 28 इच अजीत सिह

स्वनत्र रूप से तथा वाश चित्रण क विषया व उसके अग के रूप म प्रयोग किए गए। इस समय आस्ट्रेलिया म भारतीय कला का प्रतिनिधित्व कर रह हे।

मोहम्मद सलीम का नाम इस क्रम म उल्लेख करना अतिआवश्यक हे। इनकी कर्मभूमि नेनीताल (सम्प्रति–अल्मोडा) रही। प्रा बिष्ट के समकालीन कलाकारो मे बिष्ट जी के साथ ही मो सलीम का नाम प्रदेश क दो विशिष्ट स्तम्भ दृश्य कलाकारो के रूप मे लिया जाता था हालाकि पूर्वाचल मे (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) दिलीप दास गुप्ता का नाम भी दृश्य चित्रकारो की शृखला मे ही प्रख्यात हे। मोहम्मद सलीम ने पहाडी वातावरण/प्रकृति को अपना रचना विषय बनाया ओर जलरग तथा एक्रेलिक मे विविध प्रयोग किए। जहा बिष्ट न केवल पहाड/शिलाओ पर केन्द्रित रह शृखलाए तैयार की वही सलीम ने पहाडी ग्राम्य जीवन बाढ नगर का दृश्य धूप रात आदि मे उसके प्रभाव आदि को अनुभव किया और अपनी सृजनात्मकता की धार पैनी करते हुए रचा।

रघुवीर सेन धीर (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) ने वाश चित्रण के

प्रिसिपल बैंग्लो पेन एण्ड वाश 11 x 15 इच रोली शुक्ला

रिमोट हिल विलेज तैल रग 118 x 118 सेमी मो सलीम

लैण्डस्केप इन ब्लू, तैल रग 60 x 75 सेमी खलिक अश्फाक

अम्बापोल जल रग 37 x 30 सेमी आर सी साथी

दृश्य चित्र – जल रग 38 x 57 सेमी नित्यानद महापात्र

लैण्डस्केप तैल रग 18 x 22 इच हरीश श्रीवास्तव

विषयो और स्वतत्र रूप से भी जल रगो के माध्यम से दृश्य चित्रण मे अपनी ग्रहणशीलता और अनुभव को अभिव्यक्त किया। ये चित्र प्राय यथार्थता को समर्पित है। पचमढी और उत्तराचल की वादियो के विभिन्न दृश्य लोक जीवन और प्रकृति का चरित्र आदि के विभिन्न पहलुओ को अन्वेषित किया। इन विषयो को जलरग पोस्टर रग कम्प्यूटर आदि द्वारा अभिव्यजित कर अपनी खोजी प्रवृत्ति को तृप्त करने का प्रयास किया।

हरीश श्रीवास्तव और आर बी सेठ की कर्मभूमि दिल्ली रही और रचना जगत मे दोनो की अपनी पहचान/मौलिकता है। हरीश श्रीवास्तव ने परिपक्व वर्ण–योजनान्तर्गत टूटते/ चिटकते शिलाखडो या उसमे पड रही दरारो का विशेष अध्ययन कर अभिव्यजित किया। सुखद वर्णों को विरोधी रगो द्वारा सतुलित करने मे हरीश जी दक्ष कलाकार हैं। सम्प्रति मे अपनी रचना शैली परिवर्तित कर अति सहजता की ओर उन्मुख है पर लखनऊ के कला सस्कार की सुगन्ध को अनुभव किया जा सकता है। आर बी सेठ ने जलरग मे विविध प्रयोग कर टेक्स्चर को महत्व दिया है। समकालीन कला के परिप्रेक्ष्य मे इन अमूर्तनोन्मुख दृश्य चित्रो का अत्यधिक महत्व है। एच जी प्राइस खलीक अश्फाक बी एल शाह आदि उल्लेखनीय कलाकार है जिन्होने लखनऊ के बाहर जाकर यहॉ के दृश्य चित्रण कला का प्रचार प्रसार किया।

जहा पारपरिक लोक ग्राफिक समकालीन आदि कला धाराओ का लखनऊ की चित्रकला मे विशेष महत्व है वही अकादमिक शैली की उप धारा के रूप मे सैरा चित्रो (भू–दृश्य चित्रकारी) का अपना इतिहास रहा है और कला मे पुनरूत्थान से लेकर समकालीन कला की प्रमुख धारा से सम्बद्ध होते हुए अब तक इस विशिष्ट कला धारा की अपनी पहचान यथावत है। लखनऊ मे इन सैरा चित्रकारो के प्रतिनिधि के रूप मे अनेक उदीयमान कलाकार इस धारा से सबद्ध हो रहे है जो लखनऊ की कला के भौतिक गुणो का पराग भूमण्डलीय स्तर पर बिखेरते हुए नवाबो के शहर/लक्ष्मणपुर को गौरवान्वित करते रहेगे।

चित्र साभार – प्रदर्शनी कैटेलॉग – श्री हरीश श्रीवास्तव (दिल्ली) श्री नित्यानन्द महापात्र (लखनऊ) प्रो आर एस धीर (वाराणसी) प्रो योगेन्द्र नाथ योगी (लखनऊ) प्रो विमला बिष्ट (लखनऊ) डॉ शेफाली भटनागर (लखनऊ) श्री अजीत सिह (लखनऊ) श्री राजीव मिश्र (लखनऊ) सुश्री रोली शुक्ला (लखनऊ) सग्रह – राज्य ललित कला अकादमी उ प्र एक्से न – 98 925 1 68 212 1 67 113 1 68 232 1 89 648 1 71 325 1 67 79 1 97 797 1 72 358 1

प्रकृति काष्ठ छापा 23 x 36 श्याम शर्मा

आधुनिक कला आन्दोलन

पारम्परिक आकृतिमूलक (वस्तुगत) चित्रो मे अमूर्त का वस्तु निरपेक्ष कला तक का सफर

*प्रो चिन्मय मेहता **

कला मे परिवर्तन एक निरन्तर प्रक्रिया है जो आदि काल से चली आ रही है। इतिहास साक्षी है कि मानवीय सभ्यता को कुछेक युगो से चौकाने वाले परिवर्तनो का सामना करना पड रहा है। इन युगो को हम क्रान्तिकारी युग की सज्ञा देते है जो ऐसी दिशा देते है कि वह ऐतिहासिक मोड के रूप मे मानी जाती है। शास्त्रीय कला के बाद पश्चिम मे रेनासॉ को भी क्रान्तिकारी युग माना गया था किन्तु पिछली दो शताब्दियो को मानवीय सभ्यता मे इतिहास मे सर्वाधिक क्रान्तिकारी युग माना जायेगा।

साधारण पीढियॉ यथास्थिति और प्रचलित मान्यताओ को स्वीकारती हुई जीती जाती है। किन्तु कुछ अधिक विचारशील एव सजग लोग और उनका अनुसरण करती पीढियॉ प्रचलित मान्यताओ को अस्वीकार कर नई दिशा एव नये मूल्यो की ओर समाज को ले जाना चाहती है यही से क्रान्ति का आरम्भ माना जाता है। उच्च स्तरीय वैज्ञानिक खोजो से प्रेरित तकनीकी विकास से अति प्रभावित औद्योगीकरण ने हमारी सामाजिक तथा सास्कृतिक सरचनाओ मे क्रान्तिकारी परिवर्तन कर दिये है। हमारे सम्पूर्ण दृष्टिकोण को बदल दिया है।

आधुनिकता का आन्दोलन स्थापित मूल्यो परम्पराओ एव मान्यताओ के विरोध रूप मे आरम्भ हुआ था। प्रचलित परम्पराओ पर प्रश्न खडे किये गये– उनका पुनर्आंकलन किया गया। नयी दिशाए खोजने की तडप का नाम आधुनिकता है। आज भी हम तेजी से भागती हुयी तकनीकी प्रगति के साथ कदम मिलाकर भागने का प्रयास कर रहे है सामाजिक तथा सास्कृतिक अनुकूलन दुरुह और असम्भव होता जा रहा है एव परिणामस्वरूप अनेक विरोधाभास विसगतियॉ भी आधुनिक सभ्यता की सबसे बडी त्रासदी हैं। इस बीच कभी पारम्परिक एव पुरातन के प्रति आसक्ति भी जगती है। किन्तु उस शान्ति एकता एव सन्तुलन की आशा अब स्वप्न है वास्तविकता नही क्योकि उसकी पूर्व स्थापना भी असम्भव हो गयी है।

आधुनिकता एव आधुनिक कला को भलीभॉति समझने के लिए इस पृष्ठभूमि को समझना अनिवार्य है जो इस सम्पूर्ण क्रान्ति की परिकल्पना आधारभूत प्रेरणा है।

फ्रास की औद्योगिक क्रान्ति ने कई सामाजिक राजनैतिक विचारो का सूत्रपात किया था। सामन्ती व्यवस्था का विरोध होने लगा। प्रजातत्र स्वतन्त्रता तथा समानता का बिगुल बजने लगा। हर जगह वैचारिक मुक्ति और स्वच्छन्दता का समय था। नया सोचना तथा नवीनता के प्रति आग्रह महत्वपूर्ण सास्कृतिक मूल्य बनता जा रहा था। हम सामूहिक पहचान से हटकर वैयक्तिक मोलिकता से आकृष्ट होते जा रहे थे। उधर साम्यवाद नयी सामाजिक व्यवस्था की ओर सलीन था। धर्म की सत्ता भी क्षीण होती जा रही थी । जो कला एव साहित्य धार्मिक आन्दोलनो की सहचर होकर सृजनशील थी वह मुक्त होकर नये विषय वस्तु खोजने लगी।

इसी तरह कला सामन्ती अभिजात्य प्रभावो एव नियत्रणो से स्वतत्र होती जा रही थी सृजनकारो की दृष्टि दरबारो राजपरिवारो से हटकर सामान्य जन–जीवन पर केद्रित होने लगी थी। धार्मिक पौराणिक एव मिथकीय कल्पनाओ से मुक्ति पाने के लिये ही चित्रकार कुर्बे ने कहा था कि मैं देवदूत चित्रित नही करूँगा। क्योकि मैने देवदूत कभी नही देखे। मै वही चित्रित करूँगा जो मैं देखता हूँ।

आधुनिक कला का सम्पूर्ण आन्दोलन प्राचीन स्थापित कला मूल्यो के विरोध से शुरू हुआ था। परम्परा का तिरस्कार आधुनिकता का मूल मत्र था।

कला की ऐसी परिभाषा जो प्रकृति के अनुकरण' को आदर्श मानती थी उसमे सृजनकारो मे सशय एव अनास्था कला थी। कला प्रकृति का अनुकरण है' इसके विचारक प्लेटो या अरस्तू ने सभवत यह कभी नही सोचा होगा कि पश्चिमी कला सदियो तक प्रकति के वस्तुगत अकन को आदर्श मानकर सीमित सकुचित होकर रह जायेगी चित्र प्रकृति' का दर्पण होकर रह जाएगा पश्चिम के आकति मूलक चित्रो को देखकर लगता है कि दर्शक किसी प्राकृतिक दृश्य के सामने खडे है। चित्र की द्विआयामी सतह पर त्रिआयामी भ्रम रूपायित करना तथा वस्तुओ को ठोस आकारो सा चित्रित करना परम आदर्श माना जाता रहा। प्रकृति के प्रति कति ने कला के अन्य महत्वपूर्ण तत्वो एव आयामो से उसे अछूता रखा।

देखा जाय तो यथार्थवादी –वस्तुगत रूपाकन से मुक्ति ही आधुनिक चित्रकला का परम लक्ष्य था।

चित्र की एक 'स्वागत' सत्ता हो सकती है जो प्रकृति के दृश्यगत सत्य से भिन्न हो सकती है। चित्र के 'रूप का प्रकृति के आकारो पर आधारित होना अनिवार्य नही है। रोमान्सवाद यथार्थवाद से कला को सुन्दर कल्पनाओ फन्तासियो की ओर ले गया था। किन्तु चित्राकन की तकनीक मे कोई मूलभूत परिवर्तन नही आया।

* प्रोफेसर एव विभागाध्यक्ष ललित कला विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर

दृश्य चित्र तैल माध्यम 75 x 75 सेमी दिलीप दास गुप्ता

पारम्परिक दृश्यो एव चित्राकन मे परिवर्तन की शुरूआत की थी प्रभाववादियो ने जो वस्तुगत रूप से अधिक उसके वातावरणीय या प्रकाशमय प्रभाव को चित्रित करने मे अधिक रूचि लेने लगे परन्तु त्रिआयामी रूप पर प्रहार होने लगा था। वस्तुओ का चित्राकन द्वि–आयामी रूपाकन की ओर अग्रसर हो रहा था। चित्रकार के लिए महत्वपूर्ण नही था कि वस्तुये कैसी दिखती है? यह अधिक महत्वपूर्ण है चित्रकार उसे कैसे देखते है तथा कैसे उसे अकित करते है। इसी से वैयक्तिक पहचान मौलिक शैली के विकास पर जोर बढा। चित्रकार एक सामूहिक चित्रोमय भाषा से हटकर अपनी मौलिक भाषा खोजने मे लग गये। यही से एक सामूहिक परम्परा मे कार्य करने का प्रचलन समाप्त होने लगा। दृष्टिकोण मे समानता होते हुए भी उत्तर प्रभाववादी चित्रकार वैन गो सेजा से पूर्णतया भिन्न थे। स्थिति ऐसी आई कि प्रत्येक चित्र एक नवीन शैली का स्थान ग्रहण करने लगा। सेजा को आधुनिक कला का पिता माना जाता है। वे प्रकति का अकन ज्यामितीय आकारो के माध्यम से करना चाहते थे। यह अपने आप मे एक कान्तिकारी विचार था जिसने वस्तुनिष्ठ चित्राकन की परम्परा पर प्रहार कर दिया तथा इस धारणा ने चित्र की भाषा को ही बदल दिया। अब पेड एक पत्तो डालियो और तनो का यथार्थवादी अकन न होकर खडित विभाजित आयतो और त्रिकोणो का सयोजन था। घनवाद ने चित्रो को द्विआयामी अमूर्तन की ओर अग्रसर किया। अमूर्त कला की शुरुवात घनवाद से हो गई थी। चित्र अब शुद्ध रूपवादी गुणो की ओर आगे बढे रहे थे।

पिकासो वस्तुओ के प्रथम निरीक्षण का उनसे युक्त होकर आगे बढने का माड (Turning point) मानते थे। वस्तुगत सत्य स आप जितना दूर होते जाएगे चित्र उतना ही सृजनात्मक्ता की ओर बढने लगेगा तथा इसमे नई सृष्टि दृश्यमान होने लगेगी। चित्रकार चित्र की रचना मे भावाभिव्यक्ति को अत्यन्त महत्वपूर्ण मानने लगे तथा तद्नुसार आकारो को तोडने मोडने लगे। इसी नये सृजन की खोज मे चित्र प्राकतिक आकारो से भिन्न नवीन चाक्षुकीय अनुभवो का क्रीडा स्थल बन गये चित्र की नई परिभाषा के अनुसार अब यह अनिवार्य नही है कि चित्र मे प्रकति की कौन सी आकृति विद्यमान है बल्कि चित्रकार की चुनौती यह है कि वह किस नये चित्रोपन्न सयोजन के माध्यम से एक नयी सृष्टि का सृजन कर रहा है जिससे पहले कभी साक्षात्कार नही हुआ।

अमूर्तवादी एव वस्तु निरपेक्ष चित्रकारो ने ऐसी चित्र ग्चनाए रची है जो चित्र की स्वतत्र एव स्वायत्त सत्ता का हमारे सामने नये चाक्षुकीय एव दृश्य प्रभाव को प्रस्तुत करती है यही आधुनिक कला की परिणति है।

चित्र सभार – राज्य ललित कला अकादमी उप्र एक्स न – 99 931 1 व्यक्तिगत सग्रह – प्रो श्याम शर्मा (पटना)

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी पी ई पी)
जनपद बरेली की प्रगति

1 जनपद बरेली मे 141 प्राथमिक विद्यालय निर्माणाधीन।
2 जनपद मे 307 मे 206 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण पूर्ण।
3 जनपद मे 144 न्याय पचायत ससाधन केन्द्रो का निर्माण पूर्ण।
4 जनपद मे 695 शौचालयो मे से 500 शौचालयो का निर्माण पूर्ण।
5 जनपद मे 05 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र तथा 74 शिशु शिक्षा केन्द्र सचालित।
6 जनपद मे अनुसूचित जाति/जनजाति के सभी बालक/बालिकाओ को तथा सभी वर्ग की लडकियो को कक्षा 01–05 तक की पुस्तको का नि शुल्क वितरण।
7 जनपद मे सत्र 2000–2001 मे अब तक 06–14 वय वर्ग के लगभग एक लाख बच्चो का नामाकन हुआ।

दीपचन्द्र
विशेषज्ञ बेसिक शिक्षाधिकारी बरेली